सेंसेक्स 72,410.38 ▲ +371.95
डॉलर 83.185 ▼ -0.072

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 11.0 | 22.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, पौष कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 322, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com






संपादकीय — बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई ... 8


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने 48 की उम्र में ... 12 — देश/विदेश





सेंसेक्स 72,410.38 ▲ +371.95
डॉलर 83.185 ▼ -0.072

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 11.0 | 22.0 |
| धनबाद | 25.0 | 13.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 12.0 | 24.0 |
| पलामू | 25.0 | 12.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, पौष कृष्ण पक्ष 03, विक्रम संवत 2080 | रांची, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 322, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय | बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई ... 8 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने 48 की उम्र में ... 12 | देश/विदेश


**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 60,000

चांदी (1 किलो) 80,700

## एक नजर

### टेस्ट मैच : रोहित की पलटन ने सेंचुरियन में झेली शर्मनाक हार



**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में पहला टेस्ट खेला गया। साउथ अफ्रीका ने पहले टेस्ट में भारत को पारी और 32 रन से हराया। इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल की। तीसरे दिन के खेल में दूसरे सेशन में साउथ अफ्रीका की टीम 408 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने भारत पर 163 रन की बढ़त बनाई।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट में प्रियंका गांधी का नाम



**नई दिल्ली।** हरियाणा में पांच एकड़ जमीन के कथित अधिग्रहण और निपटान से संबंधित प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर आरोप पत्र में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम है। उनके पति रॉबर्ट वाड्रा का भी उल्लेख किया गया है। हालांकि, दोनों को अभी तक औपचारिक रूप से आरोपी नहीं बनाया गया है। चार्जशीट सीसी थंपी के खिलाफ दाखिल की गई है जो एनआरआई व्यवसायी हैं। एक और शख्स सुमित चड्ढा हैं, जो भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हैं। उनके खिलाफ भी चार्जशीट दाखिल है।

### शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी ने कोलकाता में 10 जगहों पर की छापेमारी

**कोलकाता।** शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लांड्रिंग पहलुओं की जांच के सिलसिले में ईडी ने गुरुवार को कोलकाता की 10 जगहों पर छापा मारा। इनमें कई चार्टर्ड अकाउंटेंट व व्यवसायियों के आवास व कार्यालय शामिल हैं। ईडी सूत्रों के मुताबिक भर्ती घोटाले की काली कमाई को सफेद करने के लिए अनेक फर्जी कंपनियां बनाई गई थीं। इन कंपनियों के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट व व्यवसायियों की मिलीभगत के सबूत मिले हैं। ईडी अधिकारियों की नौ टीमों ने शहर के व्यस्त बड़ाबाजार इलाके, काकुरगाछी और ईएम बाईपास में स्थित विभिन्न लोगों के कार्यालयों और आवासों पर छापेमारी की।

### राज्य के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में मिली प्रोन्नति

**रांची।** राज्य के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति मिली है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है।


**(संबंधित खबर पेज 4 पर)**


# ईवीएम की तकनीक पर उठ रहे सवाल इससे वोटिंग समाप्त हो : हेमंत सोरेन

■ मुझे डरा धमकाकर अपने पक्ष में करने की सोच वाले भ्रम में हैं ■ सरप्लस बजट वाले झारखंड को सबसे पिछड़ा राज्य किसने बनाया

### केंद्र से बकाया 1.36 लाख करोड़ मांगने पर लगा दी जाती है केंद्रीय एजेंसियां

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि ईवीएम का इस्तेमाल बंद होना चाहिए क्योंकि दुनिया के कई देशों ने ईवीएम से वोटिंग के सिस्टम को बंद कर दिया गया है। जिस तकनीक पर सवाल खड़ा हो, खासकर लोकतांत्रिक देश में तो, उससे तौबा कर लेनी चाहिए। हम भारत को बतौर विश्व गुरू प्रोजेक्ट कर रहें तो कम से कम इस आधार पर तो भारत में भी ईवीएम को समाप्त कर देना चाहिए और पुराने सिस्टम से चुनाव कराने चाहिए। उक्त बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी सरकार के चार साल पूरा होने पर कांके रोड स्थित अपने आवास में पत्रकारों से कही। सीएम ने कहा राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रण मिला तो जरूर जाएंगे। मालूम हो कि अभी



#### लोकसभा चुनाव में पीएम चेहरे की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इंडिया गठबंधन को पीएम चेहरे की जरूरत नहीं है। चेहरा त्के बारे में तो कुछ दिनों से सुनने में आ रहा है। असल में चेहरा तो जनता बनाती है। इसलिए इंडिया गठबंधन को लेकर इस तरह का विवाद पैदा नहीं किया जाना चाहिए। यह देश के लिए कोई इश्यू नहीं है।

#### बुलावा आया तो राममंदिर प्राण प्रतिष्ठ में जरूर जाएंगे

हेमंत सोरेन ने कहा कि हम धर्म और जात की राजनीति नहीं करते हैं। हम विकास और सबके हित की सोच के साथ काम करते हैं। अभी तक राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण मुझे नहीं मिला है। अगर बुलावा आया तो जरूर जाएंगे। हम मंदिर भी जाते हैं, मस्जिद, गुरूद्वारा और चर्च भी जाते हैं।

#### मेरे काम का सार्टिफिकेट जनता देगी : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम क्या काम किए है और क्या कर रहे हैं। इसका सर्टिफिकेट जनता देगी। अगर हम काम बताना शुरू करें ओर सूची बनाना शुरू करें तो विपक्ष में उसमें समा जाएगा। जो काम आज हो रहे हैं, क्या वह पहले नहीं हो जाना चाहिए था। हम यह नहीं कहते हैं कि राज्य की सारी समस्या खत्म हो गयी।

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा ने भी ईवीएम से वोटिंग से वोटिंग का विरोध करते हुए देश के राजनीतिक दलों से इसके खिलाफ धरना-प्रदर्शन शुरू करने को कहा था। उन्होंने तर्क दिया था कि वीवीपैट के साथ ईवीएम एक मशीन यूनीट न होकर यूनिफाइड यूनीट है और इसमें छेड़छाड़ संभव है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि वैसे लोग भ्रम में है जो यह सोच रहे है कि मुझे डरा धमकाकर अपने पक्ष में कर लेंगे। मैं किसी से डरने वाला नहीं। डरने वाली बात मुझ पर लागू नहीं होती, लेकिन कोई प्यार से कहे तो जान भी दे दूंगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना था, उस समय सरप्लस बजट था। अलग राज्य बनने के बाद अधिकतर समय भाजपा का शासन रहा। आज झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है। इसके दोषी कौन है राज्य की जनता जानती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी केंद्र से हिस्सा मांगते हैं तो हमारे केंद्रीय एजेंसियां लगा दी जाती है। सरकार गठन के कुछ घंटे बाद से ही हमारी सरकार को गिराने का प्रयास शुरू हो गया था।


(विशेष सामग्री पेज 6-7 पर)


## आईएएस अधिकारी की पत्नी प्रीति कुमार को ईडी का समन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार के गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार को ईडी ने समन भेजा है। ईडी ने गुरुवार को समन भेजकर 3 जनवरी की सुबह 10.30 बजे एजेंसी के रांची जोनल आफिस में पूछताछ के लिए बुलाया है। रांची जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी को 13 अप्रैल को बड़गाईं अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक के घर व मोबाइल से कई जमीनों के दस्तावेज मिले थे, डीसी रांची के आदेश के बाद इस मामले में सदन थाने में





एफआईआर दर्ज की गई थी। इस केस में ईडी ने ईसीआईआर दर्ज किया था। ईडी ने प्रीति कुमार के जमीन से जुड़े बर्लिन अस्पताल का सर्वे पांच दिसंबर को कराया था। इस दौरान एजेंसी ने पाया था कि बूटी मोड़ स्थित बर्लिन अस्पताल में सात कट्ठा अवैध कब्जा है। ईडी ने बर्लिन अस्पताल की पूरी जमीन व नक्शे का सर्वे किया था। ईडी ने जांच में पाया है कि बर्लिन अस्पताल का पार्किंग सरकारी जमीन पर बना है। ईडी अब इस पूरे मामले को सरकारी जमीन पर कब्जा का मामला मान रही है। बर्लिन अस्पताल की जमीन राज्य के एक वरिष्ठ आईएएस अविनाश कुमार की पत्नी प्रीति कुमार के नाम पर है। यह जमीन आईएएस अधिकारी के पिता टीएन ठाकुर व पत्नी प्रीति कुमार के नाम पर खरीदी गई थी। इसके बाद रजिस्टर डीड के जरिए टीएन ठाकुर ने प्रीति कुमार को पूरी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### पलामू में डीसी-एसपी ऑफिस के दो ड्राइवरों ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के पलामू में एक महिला से रेप के आरोप में जिले के डीसी और एसपी ऑफिस के दो ड्राइवरों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया पीड़िता पलामू के एक गांव की है। वह मेदिनीनगर शहर में डॉक्टर से इलाज कराने पहुंची थी। मोबाइल का बैलेंस खत्म होने की वजह से वह रिचार्ज के लिए किसी दुकान की तलाश कर रही थी। इसी दौरान एक ड्राइवर से उसकी मुलाकात हुई। उसने महिला से पैसे लेकर उसका मोबाइल रिचार्ज कर दिया। महिला को मदद करने के नाम पर ड्राइवर उसे हाउसिंग कॉलोनी में अपने क्वार्टर में ले गया और अपने एक साथी के साथ मिलकर उसका रेप किया।

## बुटी मोड़ में सड़क दुर्घटना, 4 की मौत

### स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को रिम्स भेजा गया

### मृतकों में बरियातु बस्ती के तीन व ओरमांझी का युवक शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी है। तेज रफ्तार कार के बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मारने के कारण ये हादसा हुआ है। कार पलटने से ड्राइवर समेत सभी चार लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इन्हें रिम्स भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतक बरियातू बस्ती व ओरमांझी के रहने वाले थे। सदर थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत ने बताया कि लगभग दो बजे रात्रि की घटना है। स्विफ्ट डिजायर कार से सभी राजू साह को छोड़ने के लिए ओरमांझी जा रहे थे। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप व विकास इनक्लेव के बीच सड़क हादसा हो गया। रांची के सदर थाना क्षेत्र के विकास इनक्लेव बूटी के पास



रांची-हजारीबाग रोड पर देर रात सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में कार चालक समेत कार में बैठे अन्य तीन युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतकों में ओरमांझी निवासी राजू साह, बरियातू निवासी अफरोज आलम, साबिर अंसारी व अमीर हुसैन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार यह सड़क दुर्घटना रात करीब दो बजे की है। कार सवार ओरमांझी जा रहे थे, तभी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

**हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस :** बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना की आवाज सुनकर अगल-बगल के ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**एनआईए ने मुख्य सचिव-डीजीपी को लिखा पत्र**

## पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का किया अनुरोध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनआईए ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआई और कांस्टेबल को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। इस संबंध में एनआईए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि एनआईए के विभिन्न ब्रांचों में 43 इंस्पेक्टर, 51 सब इंस्पेक्टर, 13 एएसआई पर 12 हेड कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। इन पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति एनआईए के दिल्ली, रांची, गुवाहाटी, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, कोच्चि, रायपुर, चंडीगढ़, इंफाल, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, जयपुर, पटना और अहमदाबाद में की जायेगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एनआईए की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए इन पदों पर आवेदन दे सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 119 पद भरे जायेंगे। इन पदों पर बहाली डेपुटेशन के आधार पर की जायेगी। साथ ही प्रतिनियुक्ति के लिए हर पद के लिए अलग-अलग अनुभव का होना जरूरी बताया गया है। इनमें डिग्री, ट्रेनिंग सहित अन्य शामिल हैं।





**पार्टी स्थापना दिवस पर खरगे ने कहा -**

## कांग्रेस का मकसद है लोक कल्याण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को 139वें स्थापना दिवस पर पार्टी मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया और कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है। स्थापना दिवस समारोह में राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सांसद राजीव शुक्ला, महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। खड़गे ने एक्स पर लिखा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य लोक कल्याण है और भारत के लोगों की प्रगति है। हम संसदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास करते हैं जिसमें बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समानता, अवसर और राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकार निहित हैं।" उन्होंने आगे कहा, हमें



गर्व है कि पिछले 139 वर्षों से हम ऐसे भारत के निर्माण के लिए पूरी ईमानदारी से संघर्ष कर रहे हैं। कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक भारतीय को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। जय हिंद, जय कांग्रेस। पार्टी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए राहुल गांधी ने भी लिखा, सत्य और अहिंसा जिसकी बुनियाद है। मोहब्बत, भाईचारा, सम्मान और समानता जिसके स्तंभ हैं और देशप्रेम जिसकी छत है। मुझे फक्र है कि मैं ऐसे संगठन का हिस्सा हूं। कांग्रेस स्थापना दिवस की सभी नेतागणों, पदाधिकारियों, समर्थकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।" प्रियंका गांधी ने लिखा, स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियों के संचालन के लिए 'तिलक स्वराज कोष' की शुरूआत की थी।

## डॉ बीआर सारंगी होंगे झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के उपरांत उड़ीसा हाईकोर्ट के सीनियर जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की अनुशंसा की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने डॉ जस्टिस बीआर सारंगी के सीनियरिटी को देखते हुए उनके नाम की अनुशंसा केंद्र सरकार से की है। जस्टिस डॉक्टर बीआर सारंगी 20 जून 2013 को उड़ीसा हाईकोर्ट के जस्टिस बने थे। इससे पहले करीब 27 वर्षों तक उड़ीसा हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने प्रेक्टिस किया था। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा गुरुवार को सेवानिवृत



हो गए। 29 दिसंबर से झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस एस चंद्रशेखर को चीफ जस्टिस कार्यालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. बीआर सारंगी का जन्म 20 जुलाई 1962 को नयागढ़ जिले के पेंटीखारिसन गांव ओड़िशा के एक सम्मानित 'सारंगी परिवार' में हुआ था। डॉ. बीआर सारंगी स्वर्गीय बंचनिधि सारंगी के सबसे छोटे बेटे के रूप में हुआ था, जो उड़ीसा वित्त सेवा कैडर के वरिष्ठ वर्ग-क से संबंधित पूर्व-वित्तीय सलाहकार थे।

**इंडिया**

## विकसित भारत के लिए कम करनी होंगी छुट्टियां



सुनील बादल

**दो** दिनों बाद नया साल आनेवाला है और भारत के अधिकांश पढे लिखे लोग एक जनवरी को काम नहीं करेंगे। कुछ तो साल के अंतिम दिनों से लगातार छुट्टी मना रहे होंगे। उत्सवप्रिय देश भारत में बात बात पर छुट्टी की प्रवृति बढ़ती हुई गांवों से लेकर उस वर्ग तक पहुंच गई है जो हर दिन कमाकर खाने वाले निम्न वर्ग के हैं और पहले खाने पीने के नाम पर काम नहीं छोडते थे। इस उत्सव के माहौल में प्रश्न यह है कि यदि सभी लोग ऐसा करने लगें तो क्या होगा ? यह ठीक है कि उत्सव मनाने पर किसी को रोक नहीं है पर टीवी चैनलों से प्रेरणा लेकर या देखा देखी शराब पीना और पिकनिक के नाम पर हुड़दंग मचाना आम बात है और इसी कारण बहुत से लोग घरों से बाहर तक नहीं निकलते । नया साल सभी के लिए है क्या अमीर क्या गरीब पर विकसित देशों की तरह हम भारतीयों में खाओ पियो और मौज करो की प्रवृति बढ़ती जा रही है जबकि उन विदेशियों से हमने यह नहीं सीखा कि वे शेष दिनों में काम से कोई समझौता नहीं करते और उनके सप्ताह या महीने से लेकर साल भर के काम के अनिवार्य घंटे निर्धारित हैं जबकि भारत में सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक प्रणाली से हाजरी की बाध्यता के बीच भी कुछ लोगों ने रास्ता निकाल लिया कि समय पर हाजरी लगाकर बाहर घूमने फिरने या घरों में सोने तक से बाज नहीं आते जबकि वे भी सेवाओं में देरी के शिकार भी होते हैं। कर्मचारियों के दबाव से अधिक जातीय आधार पर गोलबंद



लोगों का वोट लेने के लिए विभिन्न राज्य सरकारें बात बात पर छुट्टी घोषित करती हैं । सबसे अधिक छुट्टियां गर्मी छुट्टी के नाम मोटे तौर पर परंपरिक रूप से शिक्षा विभाग और न्यायालयों में होती है जबकि दोनों के पास बड़ी चुनौतियां हैं। बहुत पहले जब गर्मी या ठंढक को नियंत्रित करने के साधन नहीं थे तब अंग्रेजों ने गर्मी या शीतकालीन छुट्टियों का प्रावधान किया था पर अब देशहित में वातानुकूलित कार्यालयों या पंखे लगे स्कूलों में छुट्टियों की समीक्षा की जानी चाहिए। कर्मचारियों को आराम देने के लिए दुनिया भर की कंपनियों में छुट्टी के अलग-अलग नियम हैं। कर्मचारी अक्सर खुद को लंबे समय तक काम करते हुए ज्यादा मेलजोल नहीं रख पाते हैं। इसका उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ताजगी भरी छुट्टियां उन सभी नकारात्मक दुष्प्रभावों को दूर करने में चमत्कार कर सकती हैं। दुनिया में सबसे अधिक छुट्टी नेपाल और ईरान में 34 दिनों की होती हैं । श्रीलंका और बांग्लादेश में 33 छुट्टियां दी जाती हैं। भारत में औसतन लगभग 21 सार्वजनिक छुट्टियां दी जाती हैं। सार्वजनिक छुट्टियां बढ़ाने का सीधा असर उत्पादकता पर पड़ता है और बैंकों में अवकाश से व्यवसाय संचालन धीमा हो सकता है। इसका प्रभाव विनिर्माण या खुदरा कारोबार पर बहुत अधिक पड़ता है और जो सार्वजनिक छुट्टियों पर खुले रहते हैं उन्हें अतिरिक्त स्टाफिंग और ओवरटाइम लागत से परिचालन व्यय बढ़ जाता है। इसका एक अच्छा पहलू भी है सार्वजनिक छुट्टियों के समय पर्यटन और आतिथ्य उद्योगों में में वृद्धि होती है पर इसका लाभ निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों तक कम पहुंचता है। कुछ व्यवसायों के लिए यह अवसर भी होता है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## साउथ फिल्म के स्टार और डीएमडीके के संस्थापक विजयकांत का कोरोना से निधन



**एजेंसी। मुंबई**

साउथ के मशहूर अभिनेता और राजनेता विजयकांत का गुरुवार को निधन हो गया। वह कोरोना से संक्रमित थे। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद सांस लेने में दिक्कत के चलते उन्हें चेन्नई के एमआईओटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था। विजयकांत ने यहां इलाज के दौरान आखिरी सांस ली। उनकी मौत के बाद अस्पताल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। देशभर में कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस बीच कोरोना को लेकर तमिलनाडु की राजनीति में भी हलचल मची हुई है। डीएमडीके ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी है। अस्पताल ने भी डीएमडीके के संस्थापक विजयकांत का कोरोना के कारण निधन होने की पुष्टि कर दी है। खांसी और गले में खराश के कारण पिछले 14 दिनों से डॉक्टर की देखरेख में उनका इलाज इसी अस्पताल में चल रहा था।

### त्रिपुरा में भाजपा विधायक सुरजीत दत्ता का निधन



**अगरतला।** त्रिपुरा के अनुभवी राजनेता और मौजूदा भाजपा विधायक सुरजीत दत्ता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। वह 69 साल के थे। यह जानकारी पार्टी और पारिवारिक सूत्रों ने गुरुवार को दी। पश्चिम त्रिपुरा जिले के रामनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से रिकॉर्ड सात बार चुने गए, कांग्रेस-त्रिपुरा उपजाति जुबा समिति गठबंधन सरकार (1988-1993) में पूर्व मंत्री दत्ता का बुधवार आधी रात को कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके परिवार में एक बेटी और पत्नी हैं। पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न बीमारियों से पीड़ित सुरजीत दत्ता को इस सप्ताह की शुरूआत में यहां एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

# सीएम आवास घेरने जा रहे टेट पास पारा शिक्षकों को पुलिस ने रोका



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
टेट पास पारा शिक्षक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजभवन से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले लेकिन उन्हें एसएसपी आवास के पास ही रोक दिया गया। इसपर सभी पारा शिक्षक सड़क पर ही बैठकर प्रदर्शन करने लगे और नारेबाजी शुरू कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर वहां भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है।

मौके पर टेट पास पारा शिक्षक हरिषिकेश पाठक ने कहा कि वेतनमान को लेकर टेट पास पारा शिक्षक मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने जा रहे थे। इसी क्रम में हम सभी को एसएसपी आवास के पास रोक दिया गया है। उन्होंने बताया कि हम सभी राजभवन के पास करीब चार माह से धरने पर बैठे हैं। पारा शिक्षकों ने कई बार राजनीतिक दलों के कार्यालय का भी घेराव किया लेकिन हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

दूसरी ओर, पारा शिक्षकों के सड़क पर बैठने पर सड़क पर पूरी तरह जाम लग गया। सड़क जाम होने की वजह से कई वाहन जाम में फंसे हुए हैं। अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक मौके पर पहुंचकर पारा शिक्षकों से बातचीत कर रहे हैं।

# राज्य में इस वर्ष 397 नक्सली हुए गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पुलिस ने इस वर्ष जनवरी से अबतक तक कुल 397 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इसमें एक सैक सदस्य, एक आरसीएम, पांच जोनल कमांडर, 11 सब जोनल कमांडर, नौ एरिया कमांडर शामिल हैं। इन गिरफ्तार नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से कुल एक करोड़ एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

माह जनवरी 2023 से अबतक तक 26 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है, इसमें तीन आरसीएम, दो जोनल कमांडर, नौ सब जोनल कमांडर, दो एरिया कमांडर शामिल हैं। सरेंडर नक्सलियों के खिलाफ राज्य सरकार की ओर से कुल 80 लाख का इनाम घोषित है। इस दौरान वर्ष 2023 में अबतक नक्सलियों से कुल 152 हथियार बरामद किये गये हैं। इसमें पुलिस से लूटे गए 27, रेगुलर 16 और 109 देशी हथियार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 10350 गोली, विस्फोटक पदार्थ 243 किलोग्राम और 17.56 लाख रुपये लेवी की राशि की बरामदगी की गयी है। नक्सलियों की ओर से बिछाए गये 244 आईईडी को बरामद कर विनष्ट किया गया। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नक्सलियों के खात्मे तक अभियान जारी रहेगा।

## एक नजर

### केंद्रीय कारा होटवार रांची में तैनात बेसरा निशांत का तबादला

**रांची।** केंद्रीय कारा होटवार में पदस्थापित बेसरा निशांत रॉबर्ट को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक प्राचार्य कारा प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग के पद पर तैनात किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को अधिसूचना जारी कर जानकारी दी गई।

### सिल्ली में कड़ाके की ठंड शुरू, अलाव की कोई व्यवस्था नहीं

**सिल्ली।** मुरी सिल्ली क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड शुरू हो चुकी है। आसपास के बाजार शाम होते ही सन्नाटा छा जाते हैं वहीं स्कूलों की भी छुट्टी हो चुकी है। आने जाने वाले राहगीर ठंड के चलते स्टेशन परिसर में कमल ओढ़कर सोते हुए देखे जा रहे है किन्तु वही ठंड को देखते हुए अभी तक सिल्ली प्रखंड अंचल कार्यालय के द्वारा क्षेत्रो में अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### दो ट्रक के आपस में टक्कर, चालक गंभीर रुप से घायल

**सिल्ली।** मुरी गोला पथ भिखारी चौक के समीप दो ट्रक के आपस मे टक्कर हुआ जिससे चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। आपस में टक्कर के कारण सड़क जाम हो गई जिससे दोनों और लंबी दूरियां तक वाहनों का लंबी कतार लग गई। मुरी पुलिस को उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ा तब जाकर तकरीबन रात 1 बजे सड़क पर आवागमन सामान्य हुआ।

## प्रदेश कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया पार्टी का 139वां स्थापना दिवस

# देश को विभाजनकारी शक्तियों और अलगाववाद से बचाना जिम्मेदारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के 139वां स्थापना दिवस रांची स्थित कार्यालय में गुरुवार को धूमधाम से मनाया। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की ने झण्डोत्तोलन किया और गार्ड ऑफ ऑनर सेवादल के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने दी। मौके पर बन्धु तिर्की ने सभी को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 138 वर्ष पूर्व 28 दिसम्बर 1885 को स्थापित कांग्रेस की चुनौती आज बहुत बढ़ गयी है। देश को विभाजनकारी शक्तियों के साथ ही अलगाववादी विचारधारा से बचाना और उन मूल्यों की रक्षा करना हम कांग्रेसियों की बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसके आधार पर स्वतंत्रता की लडाई लड़ी गयी और आजादी के तत्काल बाद देश का महानिर्माण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में भारत को विकसित बनाने का जो महाभियान प्रारंभ हुआ उसी के कारण हमारा देश दुनिया की महत्वपूर्ण शक्तियों में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि 5.5 करोड़ से अधिक कांग्रेस के सदस्य हैं। हमारी विचारधारा कश्मीर से कच्छ और कन्याकुमारी से मणिपुर तक फैली है। हमारी जड़ भारत की मिट्टी के कण-कण में है। धर्मनिपेक्षता, नागरिक राष्ट्रवाद, उदारवाद, आर्थिक उदारवाद हमारा आधार है। अंतरराष्ट्रीय सौहार्दपूर्ण संबंधों और प्रगतिशील गठबंधन को कांग्रेस सर्वोच्च प्राथमिकता देती है।

तिर्की ने कहा कि देश को कांग्रेस की नीति एवं सिद्धांतों की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, देश को एकजुट रखते हुए विकास के पथ पर अग्रसर करना है। उन्होंने कहा कि हमलोग ऐसे राष्ट्रीय पार्टी के सदस्य हैं, जिसका गौरवमय इतिहास रहा है। पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में कमजोर वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष कर रही है। हमने त्याग और बलिदान के कई उदाहरण दिये हैं। आने वाला वर्ष 2024 पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। देश में आम चुनाव होना है और झारखंड में भी चुनाव होना है। उपस्थित नेताओं से हमारा आग्रह होगा कि हम अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाये। इस अवसर पर केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, मदन मोहन शर्मा, विनय सिन्हा दीपू, सतीश पॉल मुंजनी, गीताश्री उरांव, आभा सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# झारखंड के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में मिली प्रोन्नति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति मिली है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

**इनको मिली प्रोन्नति :** डेविड सुनील कुमार मिंज, राजबल्लभ पासवान, लक्ष्मण प्रसाद, अरुणा मिश्रा,प्रमोद कुमार सिंह,अशोक पासवान, अनिल एक्का,अटल शांडिल, किशोर तिर्की, सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रभात कुमार सिंह, गोवर्धन उरांव,अजीत अरुण एक्का, सुधीर सुरीन, मुनु टुडू, नलिन कुमार मरांडी, अर्जुन पूर्ति, राइफल मुर्मू,चंद्र मोहन हांसदा, राम जी महतो, अलबिनुस इंदवार, बैजू उरांव, प्रकाश टोप्पो, अनूप बी पी केरकेट्टा, संतोष कुमार, दीपाली नायक, सतीश कुमार सिन्हा, मणि भूषण प्रसाद, वेंकटेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, निवास सिंह,रमाकांत तिवारी, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, शैलेश कुमार चौहान, संजय कुमार, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार, संजय कुमार, श्रीनिवास, राजीव रंजन लाल, सुनील कुमार चौधरी, संजीव कुमार 1, रविंद्र कुमार सिंह, विद्या शंकर, राजकुमार यादव, सुधीर कुमार चौधरी, कृष्ण मुरारी, आबिद खान, शिव प्रकाश कुमार, नीरज कुमार, प्रभास नाथ मिश्रा, राम नारायण चौधरी, विजय रंजन कुमार, नीरज, शंकर कामती, मंजू कुमारी कश्यप, सुमन कुमार सुमन, यदु साव, इंद्रदेव राम, अजय कुमार केसरी, अरविंद कुमार सिंह, निरंजन तिवारी, अरविंद कुमार, कौशलेंद्र कुमार झा, मनोज कुमार ठाकुर, राजेश कुमार सिन्हा, भरत राम, शिवपूजन बहेलिया, दीपक कुमार, झानो हांसदा,राधेश्याम दास, राजेंद्र कुमार दास, बिनेश लाल, राजेश प्रसाद रजक, राजेश कुमार, बिरजू गंझू,विश्वनाथ सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, अशोक कुमार राम, बनारसी प्रसाद, दयानंद आजाद, सुजीत राय, धर्मदेव पासवान, बालकृष्ण भगत, नोएल भूषण मिंज, वीरेंद्र टोप्पो, बुधराम उरांव, जयप्रकाश टोप्पो, सावना खड़िया, परमेश्वर लेयांगी, सुलेखा इसाबेला टुडू, गंदरु भगत और नयन सुख दादेल।

# झामुमो के आश्वासन पर पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का 8 जनवरी तक धरना स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में गुरुवार को पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय से पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में 18 सदस्य शामिल थे। विनोद पाण्डेय ने संघ के सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों के प्रति सरकार गंभीर है। यह सरकार स्थानीय और मूलवासियों की सरकार है। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का भी कल्याण इसी सरकार के जरिये किया जाएगा। यह सरकार राज्य के युवा और बेरोजगारों के प्रति अपना सकारात्मक नजरिया रखती है। हम किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देंगे। वार्ता के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संतुष्ट होकर यह निर्णय लिया की आगामी आठ जनवरी तक अभी धरना का कार्यक्रम स्थगित रखा जाएगा।

आठ जनवरी को संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे से मुलाकात करेगी।

# रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अब मधुपुर से होगा



**रांची।** गिरिडीह-रांची वाया कोडरमा, धनवार न्यू इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन मधुपूर से होने की स्वीकृति मिल गई है। इसे जुड़ा पत्र ईस्ट रेल जोन के जीएम के निर्देश पर रेलवे कोचिंग के उपनिदेशक राजेश कुमार ने जारी कर दिया है। जारी पत्र में उपनिदेशक राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि न्यू इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची-न्यू गिरिडीह ट्रेन नंबर 18617 और 18618 का न्यू गिरिडीह स्टेशन से होने के बजाय मधुपूर स्टेशन से होगा। रांची से सुबह खुलने के बाद ट्रेन दोपहर तीन बजे मधुपूर से खुलेगी।

## 14 आईपीएस को आईजी और डीआईज में प्रोन्नति

# बोकारो रेंज के डीआईजी बने सुरेंद्र कुमार झा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार ने 14 आईपीएस को डीआईजी और आईजी रैंक में प्रोन्नति दी है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार माइकल राज एस को बोकारो जोनल आईजी, ए विजय लक्ष्मी को आईजी ट्रेनिंग, नरेंद्र सिंह को रेल आईजी, शैलेंद्र कुमार सिन्हा को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग का निदेशक और सुदर्शन प्रसाद मंडल को आईजी सीआईडी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर एटीएस एसपी के पद पर पदस्थापित सुरेंद्र कुमार झा को बोकारो रेंज का डीआईजी, शैलेंद्र कुमार बर्णवाल को डीआईजी के पद पर प्रोन्नति देते हुए (एसआईबी) स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। जबकि वाई एस रमेश को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए होमगार्ड डीआईजी, कार्तिक एस को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए रेल डीआईजी, मनोज रतन चौथे को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए स्पेशल ब्रांच डीआईजी के पद पर पद स्थापित किया गया है। इसी प्रकार संध्या रानी मेहता को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए सीआईडी डीआईजी के पद पर पदस्थापित किया गया है। इसके अलावा धनंजय सिंह को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआईजी जंगल वॉरफेयर स्कूल नेतरहाट के पद पर पदस्थापित किया गया। साथ ही अश्वनी कुमार सिन्हा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआईजी वायरलेस, नौशाद आलम को डीआईजी के पद पर पदस्थापित करते हुए डीआईजी कार्मिक के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### सात आईपीएस का सेलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन

राज्य सरकार ने 2011 बैच के सात आईपीएस को सलेक्शन ग्रेड प्रमोशन और दो को परफॉर्मा प्रमोशन दिया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार सेलेक्शन ग्रेड में प्रमोशन पाने वाले में चंदन कुमार झा, प्रियदर्शी आलोक, चंदन कुमार सिन्हा, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा, मणिलाल मंडल और अंबर लकड़ा शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर परफॉर्मा प्रमोशन पाने वाली लिस्ट में शिवानी तिवारी और जया राय का नाम है। ये दोनों आईपीएस वर्तमान में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

# अमन श्रीवास्तव को पकड़ने वाले महाराष्ट्र एटीएस टीम को एडीजी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डीजीपी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर कुख्यात अपराधी अमन श्रीवास्तव को पकड़ने वाले महाराष्ट्र एटीएस टीम को गुरुवार को एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर ने प्रशस्ति पत्र और दो लाख रुपये देकर सम्मानित किया। इस दौरान महाराष्ट्र एटीएस डीजी सदानंद दाते और स्पेशल पुलिस महानिरीक्षक एटीएस अनिल कुम्भारे की उपस्थिति में महाराष्ट्र एटीएस के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर की ओर से अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को झारखंड डीजीपी ने प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार दिया गया। एटीएस डीजी एवं अन्य पदाधिकारियों को झारखंड एटीएस का स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। बताया गया कि महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से झारखंड एटीएस ने पिछले कई वर्षों से आतंक का पर्याय रहा गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को 15 मई 2023 को मुंबई के वाशी से गिरफ्तार किया गया था। अमन श्रीवास्तव 27 जघन्य आपराधिक कांडों में वाछित था और वो वर्ष 2015 से फरार चल रहा था। अमन श्रीवास्तव की गिरफ्तारी में महाराष्ट्र के डीजी सदानंद दाते के निर्देशन में एसपी शीला दिनकर साइल और वरीय पुलिस निरीक्षक आधिकराव पोल एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।

# रांची में रातू रोड फ्लाईओवर निर्माण के मद्देनजर दो दिनों के लिए मार्ग परिवर्तन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के रातू रोड फ्लाईओवर निर्माण के मद्देनजर किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क के बीच पिलर सहित अन्य कार्य किया जाना है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से निर्माण करने वाली कंपनी ने सहायता मांगी है। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने ट्रायल के तौर पर दो दिनों का समय लेकर कुछ जगहों पर ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया है। यह प्रक्रिया गुरुवार सुबह आठ बजे से शुरू हो गयी है, जो शुक्रवार तक चलेगी।

### ये रूट किए गए डायवर्ट

- किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाले सभी तरह के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा।
- पिस्का मोड़ से आने वाले सभी ऑटोरिक्शा और ई-रिक्शा दुर्गा मंदिर चौक से होते हुए हॉट लिप्स चौक, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क एवं अन्य स्थानों की ओर जा सकेंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत रहेगा। ये वाहन न्यू मार्केट चौक से बाएं राजभवन मोड़ होते हुए हॉटलिप्स चौक की ओर जायेंगे।
- कांके रोड से रातू रोड आने वाले ऑटोरिक्शा व ई-रिक्शा राम मंदिर (प्रेमसंस मोटर्स की बगल वाली सड़क) से सिदो-कान्हू पार्क, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए अन्य स्थानों की ओर जायेंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत रहेगा।
- कचहरी चौक की ओर से आने वाले वाहन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातू रोड व हरमू रोड की ओर जा सकेंगे।

# इस वर्ष आपराधिक गिरोह के 248 बदमाश गिरफ्तार





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पुलिस ने इस वर्ष अबतक संगठित आपराधिक गिरोह के 248 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों में पाण्डेय गिरोह के 14, अमन साव गिरोह के 20, प्रिंस खान गिरोह के 62, फहीम खान गिरोह के तीन, अमन सिंह गिरोह के 29, नेशनल आदिवासी डेमोक्रेटिक फोर्स के चार, रोहित मुण्डा उर्फ बीडी गिरोह का एक, कैलू पासवान गिरोह का चार, अमन श्रीवास्तव गिरोह का नौ, विकास तिवारी गिरोह का 14, रंजित साव गिरोह का तीन सहित अन्य शामिल हैं। इनके पास से 129 हथियार, 1677 गोली, चार विस्फोटक पदार्थ, नकदी 72,29,790 रुपये एवं 65 दिरहम बरामद किया गया।

दूसरी ओर, मादक पदार्थ के कारोबार करने वालों पर भी प्रभावी नियंत्रण लगाया गया है। इससे संबंधित 491 मामले दर्ज हुए, जिसमें 696 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। 329.872 किलोग्राम अफीम, 5.201 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 67.09 ग्राम हेरोइन, नौ ग्राम स्मैक, 224 ग्राम चरस, 2643.632 किलोग्राम गांजा, 40092.1 किलो डोडा, नशे के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले 1910 टैबलेट, 7019 बोतल कफ सिरप, इंजेक्शन 118 पीस के अलावे 64 वाहन, 60 मोबाइल एवं 29,80,230 रुपये नकदी बरामद किया। अफीम की खेती को भी विनष्ट किया गया।

### अवैध शराब-मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार हो रही कार्रवाई

झारखंड पुलिस जनवरी से अबतक अवैध शराब और मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। अवैध शराब कारोबार के खिलाफ छापेमारी कर काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई, जिसके संबंध में पूरे राज्य में 449 मामले दर्ज किये गये है। इससे संबंधित 103 सनहा भी दर्ज किया गया। कुल 1,24,905.005 लीटर अंग्रेजी शराब, बियर 11,201.695 लीटर, देशी शराब 6672.908 लीटर, स्प्रिट 9375 लीटर, जावा महुआ 40847 किलोग्राम के अलावा 62 वाहन, 12 मोबाइल फोन और 92,690 रुपये नकदी जब्त किए गए हैं। साथ ही 53385 किलोग्राम जावा महुआ को नष्ट किया गया है।

### वाहन चोरी मामले में 838 गिरफ्तार

जनवरी वर्ष 2023 से अबतक चोरी वाहन चोरी करने के मामले में 838 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चोरी गये 932 दो पहिया वाहन और 108 चार पहिया के साथ दो ऑटो बरामद किया गया है। राज्य में कुल 88810 वारंट एवं 1866 कुर्की का निष्पादन किया गया। साथ ही मामले में 21162 एवं वारंट-कुर्की में 4271 कुल-25433 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

झारखंड पुलिस के प्रवक्ता एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि लगातार संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। साथ अवैध शराब और मादक पदार्थ के खिलाफ भी लगातार कार्रवाई जारी है।

### भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस मना

**मांडर।** प्रखंड के टांगरबसली पंचायत में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से पार्टी के जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील मलिक ने उपस्थित लोगों को कहा कि कांग्रेस पार्टी भारत की सबसे पुरानी पार्टी है। यही पार्टी सभी जाति समुदाय गरीब अमीर या सभी धर्म के लोग को एक साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इसलिए आज हम सब मिलकर सभी जाति समुदाय के लोग स्थापना दिवस मना रहे हैं। इस स्थापना दिवस के माध्यम से सभी जगह कांग्रेस के विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का काम करना है। 2024 में कांग्रेस पार्टी को मजबूती के साथ केंद्र में लाना है। इस अवसर पर असलम अंसारी, अनुप राम, महादेव उरांव, समसद्दीन अंसारी, कृष्णा, खूरसीद एवं पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दैनिक पंचांग

**29 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.54 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कुंभ | 09.40 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 11.13 बजे से |
| बुध | धनु में | मेष | 12.43 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 14.23 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 16.22 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.35 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.51 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 23.03 बजे से |
| राहुकाल | | तुला | 01.14 बजे से |
| 10.30 से | | वृश्चिक | 03.28 ब.से |
| 12.00 बजे तक | | धनु | 05.44 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 363 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** द्वितीया 08.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 03.10 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वैधृति 02.29 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** गर 08.00 बजे तदनन्तर वणिज 20.49 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 15'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871842
**जूलियन दिन** 2460307.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# रांची नगर निगम की अच्छी पहल, तृतीय लिंग के लिए भी बन रहा है शौचालय

**रवि चंद कपूर**

**रांची।** रांची नगर निगम ने एक अच्छी पहल की है। निगम ने शहर में कामकाज के लिए निकलने वाले ट्रांसजेंडर समुदाय (तृतीय लिंग) की समस्याओं को गंभीरता से लिया है। रांची नगर निगम ने शहर में महिला और पुरूषों के लिए सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय का निर्माण कराया है। जिससे लोगों को काफी सुविधा होती है। इन शौचालय की सुविधा महिला और पुरूष तो लेते है, लेकिन ट्रांसजेंडर यानी थर्ड जेंडर इस सुविधा का लाभ नहीं ले सकते है। इसी मामले में रांची नगर निगम ने नई पहल करते हुए ट्रांसजेंडर यानी थर्ड जेंडर के लिए अलग से शौचालय बनाने का निर्णय लिया है। निगम ने ट्रांसजेंडर को शौचालय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्य शुरू कर दिया है। निगम की ओर से पहले से चल रहे शौचालय के बगल में एक अलग से तृतीय लिंग के लिए शौचालय बनाने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है। ताकि कामकाज के लिए शहर में निकले तृतीय लिंग समुदाय के लोगों को भी शौचालय की सुविधा मिल सके।




### अभी 25 स्थानों में बनाया जा रहा है

सिटी मैनेजर रूपेश ने बताया कि तृतीय लिंग के लिए नगर निगम की ओर से शौचालय बनाने की योजना पर कार्य हो रहा है। फिलहाल शहर के भीड़भाड़ और सार्वजनिक स्थलों पर बने 25 शौचालय में महिला व पुरूष के साथ तृतीय लिंग के लिए शौचालय बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी हमलोग चल रहे शौचालय के बगल में एक और सीट बनाकर उसी से कनेक्ट कर दे रहे है। जिससे तृतीय लिंग को तत्काल सुविधा का लाभ मिल सके। आगे पूरे शहर के शौचालय में तीसरा सीट बनाया जायेगा।

### समावेशी समाज की ओर एक है कदम

नगर निगम प्रशासक ने बताया कि तृतीय लिंग समुदाय के लिए भी शौचालय बनाने का कार्य शुरू किया गया है। पहले चरण में जो शौचालय कार्यरत है, उसी के बगल में एक और सीट बनाया जा रहा है। जो तृतीय लिंग के लिए होगा। इस तरह महिला, पुरूष के साथ तृतीय लिंग को भी सुविधा मिलेगी। अभी पुराने शौचालय के साथ बनाया जा रहा है। आगे जरूरत पड़ी तो अलग से तृतीय लिंग के लिए शौचालय का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य एक समावेशी समाज की ओर एक कदम है, क्योंकि हम सभी के साथ गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इसे नगर निगम ने सोशल मीडिया में तस्वीर के साथ जारी किया है।

## देश में धर्म एवं धर्मस्थलों का सम्मान वक़्त की आवाज: मुफ्ती अब्दुल्लाह

**रांची।** मुफ़्ती अब्दुल्लाह अजहर कसमी केंद्रीय अध्यक्ष मुस्लिम मजलिस ए उलेमा झारखंड ने अपने संदेश मे कहा के स्वतन्त्र भारत मे एक सौ चालीस करोड़ लोग रहते हैं। विश्व का सब से बड़ा लोकतन्त्र भारत ही है। जहां अनेकता में एकता वा आपसी भाई चारा एक मिसाल है। भारत के धर्म गुरुवों ने हमेशा एक दूसरे का सम्मान करते आए हैं। साथ ही धर्म स्थलों की पवित्रता का खयाल सम्मान करने का हर संभव प्रयास रहा है। आज भारत मे सद भाव एवं प्रेम के धागा को मजीद मजबूत करने की जरूरत है। आईये हम सब मिल कर संकल्प लें के भारत को विकसित और मजबूत करने के लिए अपना बहूमूल्य योगदान दें। नफरत, भेद भाव, छुवा छू, एवं घृणा को समाप्त करने के लिए अपने अपने मन को साफ करें। ईश्वर ने इस संसार मे खूबसूरत जिंदगी गुजरने का शुभ अवसर दिया है। इस उपहार को मानवता के सेवा के लिए लगाएँ।

## एक नजर

### मोरहाबादी में 13 जनवरी को टुसू महोत्सव

**रांची।** मोरहाबादी में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी टुसू पर्व की पूर्व संध्या पर 13 जनवरी को टुसू महोत्सव का आयोजन किया गया है। इस महोत्सव की तैयारी समिति का गठन किया जायेगा। जिसके लिए एक बैठक का आयोजन 31 दिसंबर को सुबह 11:30 लालपुर स्थित सिटी पैलेस होटल में रखी गयी है। इस बैठक में कार्य विवरण एवं रूपरेखा का तैयारी किया जाएगा। साथ ही तैयारी समिति का गठन भी किया जाएगा। यह जानकारी कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजा राम महतो ने।

### एक्टर देवेश खान 71 वर्ष के हुए



**रांची ।** बॉलीवुड एक्टर देवेश खान आज 71 वर्ष के पूरे हो गए । इसी खुशी में अपने आवास नाजीर अली लेन में धूमधाम से केक काटकर जन्मदिन मनाया गया । उनके चाहने वालों ने दिन भर फोन करते रहे और शुभकामनाएं देते रहे । विवेक पासवान ने एक बेहतरीन केक भेजा जिसे देवेश खान और मेरी आवाज मेरी पहचान के सिंगर आफताब आलम ने मिलकर काटा । देवेश खान के फैंस ने लंबी उम्र के लिए दुआएं की । बॉलीवुड स्टार ने मुंबई से जन्मदिन पर बधाई दी । सबसे पहले एक्टर अली खान ने जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर बॉलीवुड एक्टर देवेश खान, शोएब उर रहमान, बुलंद अख्तर और आफताब आलम मौजूद थे । मेरी आवाज मेरी पहचान की पूरी टीम ने देवेश खान के जन्मदिन पर बधाई दी ।

# रातू रोड की बदली ट्रैफिक व्यवस्था की आज होगी समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रातू रोड में बन रहे फ्लाइओवर को अंतिम रूप देने के लिए कार्य में तेजी लायी गयी है। इसको लेकर ट्रैफिक रूट में ट्रायल के तौर पर गुरुवार के लिए बदलाव किया गया था। आज इसकी समीक्षा होगी। इसके बाद इस बदलाव को बढ़ाया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस ने रातू रोड के यातायात में जो बदलाव किया है। उसके अनुसार जोन 1 में किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की तरफ जाने वाले रास्ते को वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। जोन 2 के तहत पिस्का मोड़ से आने वाले सभी ऑटो और ई-रिक्शा को दुर्गा मंदिर चौक से एलपीएन शाहदेव चौक की तरफ से रणधीर वर्मा चौक से होते हुए जाकिर हुसैन पार्क तक रास्ता दिया गया है। वहीं दूसरे वाहनों को न्यू मार्केट चौक से होकर राजभवन मोड़ से डायवर्ट किया गया है। जोन 3 के लिए कांके की ओर से रातू रोड की ओर से आने वाले सभी ऑटो और ई-रिक्शा को राम मंदिर चौक से सिदो-कान्हो पार्क होते हुए जाकिर हुसैन पार्क की तरफ डाइवर्ट किया गया है। जोन 4 के लिए रेडियम चौक की ओर से आने वाले वाहन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातू रोड एवं हरमू रोड की ओर डायवर्ट किये गए हैं। रातू रोड में निमार्णाधीन फ्लाइओवर का काम न्यू मार्केट चौक तक पहुंच चुका है। यहां पर चार पिलर और गार्डर लगाया जा चुका है। इसके साथ किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क तक निर्माण कार्य शुरू किया गया है। किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क तक पांच पिलर को बनाया जाना है। पिलर निर्माण को लेकर किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसे लेकर ट्रैफिक रूट में ट्रायल के तौर पर बदलाव किया गया है।



# रांची प्रेस क्लब का चुनाव आज, 15 पद के लिए 34 प्रत्याशी मैदान में




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची प्रेस क्लब कार्यकारिणी के लिए आज मतदान होगा। रांची प्रेस क्लब परिसर में बनाये गये 8 बूथों पर 682 सदस्य मतदान करेंगे। चुनाव में अध्यक्ष के लिए तीन प्रत्याशी, उपाध्यक्ष के लिए तीन, सचिव के लिए चार, संयुक्त सचिव पद के लिए तीन और कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में है। जबकि मैनेजिंग कमिटी के 10 पदों के लिए 18 उम्मीदवार भाग्य अजामा रहे है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर दिव्यांशु कुमार, राजेश कुमार श्रीवास्तव एवं सुरेंद्र लाल सोरेन में मुकाबला है। उपाध्यक्ष में धर्मेंद्र गिरी, प्रभात कुमार सिंह तथा सैयद शहरोज कमर, सचिव पद पर अभिषेक सिन्हा, अमरकांत, कुमार सौरव और परवेज कुरैशी, संयुक्त सचिव के लिए मुकेश कुमार सिन्हा, रंगनाथ चौबे एवं रतन लाल प्रत्याशी है। कोषाध्यक्ष के पद पर एएसआरपी मुकेश, अशोक गोप और कुबेर प्रसाद सिंह के बीच टक्कर है। मैनेजिंग कमिटी सदस्य के लिए आलोक कुमार सिन्हा, अंजनी कुमार, अनुज कुमार तिवारी, अरविंद कुमार गुप्ता, चंदन भट्टाचार्य, चंदन कुमार, मोनू कुमार, नायर शाहिद, राजन बॉबी, राजू प्रसाद, राणा गौतम, संजय कुमार सुमन, संजय सिंह, संजीत कुमार दीपक, संतोष कुमार सिंह, सौरभ कुमार शुक्ला, सुभाष शेखर और विजय कुमार मिश्रा भाग्य अजमा रहे है।

# नई दिल्ली-रांची राजधानी में परोसा घटिया खाना, शिकायत

### बाहर के लोग ट्रेन पर चढ़कर 130 रुपये प्रति पैकेट बेच रहे थे खाना, यात्री नाराज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी एक्सप्रेस में यात्रियों को घटिया भोजन परोसा गया है। एक यात्री ने सेंट्रल रेलवे और रेल मंत्री के एक्स हैंडल पर इसकी शिकायत की है। नई दिल्ली से रांची के लिए 27 दिसंबर को चली राजधानी एक्सप्रेस संख्या 20408 में सुबह का नाश्ता के बाद दोपहर का भोजन भी घटिया स्तर का परोसा गया। दोपहर के भोजन में चावल, दाल और अचार दिया गया, वो भी ठंडा। किसी तरह की सब्जी भी नहीं परोसी गई।

नाश्ता में सिर्फ दो बिस्किट और चाय परोसा गया। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के मुताबिक ट्रेन जब पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर रूकी। तब स्थानीय स्तर के कर्मी खाना लेकर ट्रेन के अंदर आये। इसके बाद 130 रुपये प्रति पैकेट खाना बेचना शुरू कर दिया। इस पर यात्रियों ने आपति जतायी। यात्रियों के अनुसार ट्रेन 12 घंटें विलंब से चल रही है। उपर से घटिया भोजन परोसा जा रहा है। नई दिल्ली से रांची के लिए 27 दिसंबर को चली राजधानी एक्सप्रेस की ए-4 एसी बोगी में सफर कर रहे 25 से 30 और 41-42 नंबर बर्थ के यात्री खुद को ठगा महसूस कर रहे थे। एक तो ट्रेन घंटों लेट थी, ऊपर से घटिया भोजन, यात्रियों का कहना था कि वह वैष्णो देवी का दर्शन कर जम्मू से नई दिल्ली आए थे। इसके बाद नई दिल्ली से रांची के लिए चले थे। ट्रेन टिकट के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। यात्रियों को उम्मीद होती है कि राजधानी एक्सप्रेस में उन्हें अच्छी सेवा मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# छात्र संगठनों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा रिजल्ट में लगाया गड़बड़ी का आरोप

### रांची विश्वविद्यालय मल्टीपर्पस भवन के सामने विरोध प्रदर्शन व जड़ा ताला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय द्वारा जारी पीएचडी प्रवेश परीक्षा का विरोध शुरू हो गया है। कई छात्र संगठनों ने मल्टीपर्पस भवन के सामने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए परिसर में ताला जड़ दिया है। छात्र संगठनों ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा और रिजल्ट में अनियमितता का आरोप लगाया है। छात्र संगठन के लोगों का कहना है कि विश्वविद्यालय ने 27 दिसंबर को जो रिजल्ट जारी किया है, वह अधूरा है। उन्होंने कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा से रिजल्ट की कॉपी दिखाने की मांग की है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय ने परीक्षा का न तो आंसर की जारी की और ना ही कार्बन कॉपी दी। परीक्षा के दो दिन बाद ही रिजल्ट जारी कर दिया। आजसू के प्रदेश सचिव ओम वर्मा ने रांची विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई पीएचडी प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट घोषित किए जाने पर इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा आनन फानन में रिजल्ट प्रकाशित किया गया है। रिजल्ट में भारी अन्यमित्तता बरती गई है। छात्रों को दिग्भ्रमित करके परिक्षा ली गई और रिजल्ट भी अनियमितता के साथ प्रकाशित की गई है। परीक्षा के लिए छात्रों को बुकलेट दिया गया था। उसे सेंटर पर ही विश्वविद्यालय के द्वारा ले लिया गया। छात्रों को किसी भी तरह का कार्बन कॉपी नहीं मिला। जिस कारण अपने रिजल्ट का आकलन करने का तथा आपत्ति जताने का अवसर विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा नहीं दिया। विश्वविद्यालय फिर से संशोधित रिजल्ट जारी नहीं करता तो आजसू जोरदार आंदोलन करेगा।



## मोरहाबादी से करीबी क्षेत्र को बनाया गया पार्किंग स्थल

# राजकीय कार्यक्रम को लेकर बदली ट्रैफिक व्यवस्था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हेमंत सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज मोरहाबादी में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें राज्य के कई जिलों से लाभुक पहुंचेंगे। इसे देखते हुए रांची शहरी क्षेत्र में की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार रांची शहर की ओर आने वाली सड़कों से कार्यक्रम में भाग लेने वाली बसों को छोड़कर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी मालवाहक वाहन के रूट को डाइवर्ट किया गया है। चाईबासा, खूंटी से रांची आने वाले बस तुपुदाना रिंग रोड तक, गुमला, सिमडेगा, पलामू, लोहरदगा से रांची तिलता रिंग रोड तक जमशेदपुर, सरायकेला से रांची रामपुर चौक, हजारीबाग रोड से रांची नेवरी गोलचक्कर तक आ सकेंगे।




**बुटी मोड़ से रातू रोड तक नहीं चलेंगे ऑटो :** इस दौरान बरियातू रोड, बोड़ेया रोड, कांके रोड एवं हरमू रोड में सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों का प्रवेश पर रोक रहेगी। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक बूटी मोड़ से बरियातू होकर करमटोली तक, चांदनी चौक, कांके रोड से रातू रोड तक, पिस्का मोड़ से रातू रोड तक, सहजानन्द चौक से रातू रोड तक सभी प्रकार के ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन वर्जित किया गया है। अति आवश्यक सेवाओं से संबंधित वाहन सभी मार्गों पर सामान्य रूप से चलेंगे।

**धनबाद-बोकारो की बसे बरियातु में होगी पार्क :** बोकारो, धनबाद के लाभुकों का बस रिंग रोड, नेवरी गोलचक्कर, बुटी मोड़, रिम्स होकर करमटोली के पास लाभुकों को ड्रॉप कर बरियातू पहाड़ मैदान में निर्धारित पार्किंग स्थल में बस पार्किंग करेंगे।

**हजारीबा-गिरिडीह की बस रूकेंगे डीआईजी ग्राउंड :** हजारीबाग, गिरिडीह के लाभुक का बस रिंग रोड, नेवरी गोलचक्कर, बुटी मोड़, रिम्स होकर पल्स हॉस्पिटल के पास लाभुकों को ड्रॉप कर डीआईजी मैदान बरियातु में निर्धारित पार्किंग स्थल में बस पार्किंग करेंगे।

**खेलगांव में भी होगी बसों की पार्किंग :** रामगढ़, कोडरमा के लाभुकों का बस रिंग रोड, नेवरी गोलचक्कर, बूटी मोड़, रिम्स होकर करमटोली के पास लाभुकों को ड्रॉप कर खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में निर्धारित पार्किंग स्थल में बस पार्किंग करेंगे। जमशेदपुर, सरायकेला-खरसावों के लाभुकों का बस रामपुर, दुर्गा सोरेन चौक टाटीसिल्वे, खेलगांव, बुटी मोड़, रिम्स होकर करमटोली के पास लाभुकों को ड्रॉप कर खेलगांव स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में बने पार्किंग स्थल गाड़ी खड़ी करेंगे।

**मोरहाबादी मंदिर मैदान भी बनाया गया पार्किंग :** चतरा, जामताड़ा, साहेबगंज के लाभुकों का बस रिंग रोड, बोड़ेया होकर ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के पास लाभुकों को ड्रॉप कर मंदिर मैदान, मोरहाबादी में निर्धारित पार्किंग स्थल में बस पार्किंग करेंगे।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर किया कंबल का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपना 139 वां स्थापना दिवस के मौके पर नागपुर में एक बड़ी रैली हैं तैयार हम का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के तमाम बड़े पदाधिकारी और नेता कांग्रेस के द्वारा राष्ट्रहित में किये गये कार्यो को जनता के बीच ले जाने का संकल्प लिया. वहीं आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव, फिरोज रिजवी मुन्ना और कांग्रेसी कार्यकताओं ने डोरण्डा स्थित मतदान केंद्र पर कांग्रेस का झंडा फहराया, राष्ट्रगान गाया एवं देशवासियों,राज्य की जनता एवं कांग्रेस कार्यकताओं को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।स्थापना दिवस के मौके पर कांग्रेस नेताओं ने सफाई कर्मियों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर मिठाइयां बांटी तथा फोटो खिंचवाई,सेल्फी लिया। झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अहिंसा, सर्वधर्म समभाव, न्याय और रचनात्मक कार्यक्रमों के द्वारा सामाजिक क्रांति की शुरूआत की।उनके नेतृत्व में सिर्फ आजादी का आंदोलन अपने निर्णायक तौर पर पहुंचा बल्कि कांग्रेस को व्यापक जनाधार प्राप्त हुआ। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने सामाजिक समरसता को अमली जामा पहनकर ताजिंदगी समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को तरक्की की धारा से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा आज हम इस मौके पर देश के उन महान विभूतियों को याद कर रहे हैं जिन्होंने अपने प्राणों को न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई।



## पवन जेडिया बने अनुसूचित जाति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

**रांची।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा की बैठक हुई। जिसमें केंद्रीय सदस्यों की सहमति से पवन जेडिया को समाज के प्रति ईमानदारी, निष्ठा, सहयोग की भावना को देखते हुए अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा द्वारा उम्मीद जताया गया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बिना किसी भेदभाव के संगठन की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे। समाज को एक बेहतर नेतृत्व प्रदान करेंगे। पवन जेडिया को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर केंद्रित अध्यक्ष आरपी. रंजन, उपाध्यक्ष नंदू प्रसाद, डॉ रिझू नायक, महासचिव डॉ राज किशोर राम ने शुभकामनाएं दी।



## अरसंडे में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

**रांची।** धुर्वा शक्तिपीठ की ओर से कांके के अरसंडे में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ किया गया। विभिन्न संस्कार तथा संध्या में दीप महायज्ञ का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व विधायक जीतू चरण राम, कांके प्रखंड के उपप्रमुख अजय बैठा, मंडल अध्यक्ष राम लखन मुंडा, गांधीनगर चालक संघ के पंकज बंसल, किरण देवी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सुदर्शन चौबे, अरसंडे पंचायत समिति सदस्य लालचंद सोनी एवं प्रभात भूषण उपस्थित थे। प्रवचनकर्ता संदीप पांडे ने सभी को यज्ञ की विशेषता और इसके लाभ के बारे में बताया। सुबह में गायत्री महायज्ञ, पूणार्हुति एवं टोली विदाई का कार्यक्रम हुआ। संदीप पांडे ने जन मानस में भाईचारे की भावना एवं आत्मीयता को प्रखर करने की बातें बताई एवं अपने जीवन में लोगों को उतारने के बारे में समझाया।



## राज्य में शुरू हुई किसानों से धान की खरीद

रांची। झारखंड में काफी जद्दोजहद के बाद गुरुवार से धान खरीद की शुरूआत हो गयी। राज्य के सभी जिलों में किसानों से धान खरीदने के लिए लैम्प्स में व्यवस्था की गई है। रांची के नामकुम में स्टेट फूड कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक यतीन्द्र प्रसाद की मौजूदगी में किसानों से धान खरीद की शुरूआत हुई। इस मौके पर विधायक राजेश कच्छप, लैम्प्स मैनेजर नीरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे। स्टेट फूड कॉपरिशन के प्रबंध निदेशक यतींद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने इस साल 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य बनाया है। राज्य में 2 लाख 30 हजार 826 किसानों ने धान बेचने के लिए विभाग निबंधन कराया है। पहले दिन राज्यभर में 38 किसानों से 1457 क्विंटल धान खरीदे गए। विभाग के द्वारा 50 मिलर को टैग किया गया है।



## शहीदी सप्ताह व कीर्तन समागम संपन्न

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा आयोजित तीन दिवसीय शहीदी सप्ताह व कीर्तन समागम संपन्न हो गया। तीसरे दिन विशेष दीवान सजाया गया। विशेष रूप से पधारे सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई गुरबक्श सिंह जी शांत ने कई शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा। चार साहिबजादों की शहादत के बारे कथावचान करते हुए उनके शहादत के बारे में बताया। सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने रागी जत्था भाई गुरबक्श सिंह जी शांत एवं साथियों को गुरुघर का सरोपा देकर नवाजा। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, अरदास, हुकुम नामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति रात 11:30 बजे हुई। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। मौके पर श्रद्धालुओं के लिए गुरु का अटूट लंगर भी चलाया गया।



## मैथन बैंक्वेट हॉल में 31 को मनाया जाएगा नए साल का जश्न

**रांची।** नये साल के आगमन को लेकर शहर के लोग कई तरह की तैयारियां कर रहे है। नये साल के उत्सव को बेहतर बनाने के लिए साई फ्लावर एंड टीम द्वारा 31 दिसंबर को विशेष कार्यक्रम रखा गया है। बरियातू स्थित मैथन बैंक्वेट हॉल में पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर प्रदीप सरकार, सत्यम सत्यदर्शी, शिवम मनोहरण, मुकेश नायक, जय श्रीवास्तव और अमिताभ धीरज मौजूद थे। मौके पर बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि यहां के निवासी आपस में मिलकर और हंस खेलकर पुराने साल को विदा कहें। आने वाले वर्ष में इकट्ठे हस खेल कर स्वागत करें। कार्यक्रम में प्रदर्शन करने वाले सभी कलाकार मुंबई और कोलकाता से आ रहें है। इसके साथ ही नए वर्ष के स्वागत में होने वाली आतिशबाजी मुख्य आकर्षण होगा। इसमें तरह तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि अलग अलग श्रेणी के टिकट हैं। जिसमे कई व्यंजन भी श्रेणी के हिसाब से शामिल है।

## झारखंड प्रजातांत्रिक मंच का गठन

रांची। अंजुमन मुसाफिरखाना में मुस्लिम संगठनों और मुस्लिम बुद्धिजीवियों की बैठक हुई। जिसमें झारखंड प्रजातांत्रिक मंच का गठन किया गया। मौके पर जैनुल अंसारी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय को सभी पार्टियों ने ठगने का काम किया है। झारखंड प्रजातांत्रिक मंच जात, बिरादरी और पार्टी से ऊपर उठकर काम करेगी। पार्टी मुख्य रूप से चार बिंदु पर काम करेगी। मुस्लिमों की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आबादी के हिसाब से हिस्सेदारी की मांग की जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के 14 लोकसभा सीट में दो लोकसभा सीट से मुस्लिम उम्मीदवार दिया जाय। विधानसभा चुनाव में 81 विधानसभा सीट में 15 विधानसभा सीट से मुस्लिम को चुनाव लड़ाया जाए। बैठक की अध्यक्षता हाजी अब्दुल रहमान और मंच संचालन हाजी मोहम्मद जहांगीर अंसारी ने किया। मौके पर निसार खान, अंजुम बानो, फरजाना परवीन, मो तौकीर रजा, मौलाना अब्दुल रकीब रहमानी आदि थे।



## लोकहित अधिकार पार्टी ग्राम समिति का किया गया गठन

**कांके।** रांची लोकसभा अंतर्गत हटिया विधानसभा के हुरहुरी पंचायत एवं कांके विधानसभा पूर्वी केदल पंचायत के प्रताप नगर में लोकहित अधिकार पार्टी का आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीना देवी, सुशीला देवी, सुमन महतो, हटिया विधानसभा संयोजक जुल्फान अंसारी, तजमुल अंसारी शंकर प्रजापति,मनूअर खान, मोहम्मद अजहर आलम कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर उपस्थित हुए।बैठक में सर्वसम्मति से मुनमुन बनर्जी को कांके पूर्वी केदल पंचायत न्यू फुरहुरा टोला प्रताप नगर ग्राम समिति का अध्यक्ष एवं विजय रोय को सचिव सहित ग्यारह लोगों को ग्राम समिति का पदाधिकारी चुना गया।



# सावधानी है बचाव

*हाल* के दिनों में नशाखुरानी गिरोह की सक्रियता काफी बढ़ गयी है। राजधानी में आरपीएफ ने अपराधियों को रंगे हाथों गिरफ्तार भी किया है। यह गिरोह रेलयात्रियों को अपना शिकार बना रहा है। इसके नेटवर्क दूसरे राज्यों से जुड़े हुए हैं। यह अपराध संगठित होकर चल रहा है। ऐसे अपराधी चोरी,लूट की घटनाओं में शामिल रहते हैं। यह गिरोह मेलजोल बढ़ाकर यात्रियों के समीप आता है। मौका पाकर चाय, बिस्किट या और किसी खाने पीने के सामानों में नशीला पदार्थ खिलाकर लूट लेता है। यह तरीका वैसे तो बहुत पुराना है। यही कारण है कि रेलवे बार-बार यात्रियों को सावधान करता है कि किसी अपरिचित की ओर से दिये गये किसी खाने का सामान का सेवन न करें। लुटेरों द्वारा मिलावट इतना खतरनाक होता है कि कभी-कभी यात्री की जान भी चली जाती है। यात्रा कर रहे बच्चे, महिलाओं और युवाओं को इससे सावधानी बरतने की जरूरत है। साथ ही ऐसे काम करने वाले गिरोहों को कड़ी सजा का प्रावधान होना चाहिए। ऐसा ही वाक्या कुछ अलग ढंग का राज्य के मेदिनीनगर रेलवे स्टेशन पर भी घटी है। मामले का भुक्तभोगी परिवार ने स्थानीय लोगों को बताया कि बर्थ में झाड़ू देने वाले एक बच्चे को पूरी और सब्जी खाने को दी। तत्काल वह लड़का छटपटाने लगा और कहा कि खाने में जहर मिलायी गयी है। उसकी आवाज सुनकर आधे दर्जन से अधिक लड़के आकर हॉस्पिटल ले जाने के लिए पैसे की मांग करने लगे। यह दृष्य देखकर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया, तब जाकर अमुक यात्री की जान बची। आश्चर्य कोई भी पुलिस वाला उसकी मदद को तैयार नहीं हुआ। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि बगैर पुलिस की मिलीभगत से ऐसा कृत्य नहीं हो सकता है। इस स्थिति में यात्रा पर निकले बच्चे,महिला और युवाओं को अधिक सावधान रहने की जरूरत है। उम्र दराज लोग इस बात को समझते हैं। लेकिन आज की युवा पीढ़ी ऐसे लोगों का शिकार आसानी से हो जाती है। नशाखुरानी गिरोहों का अपना एक नेटवर्क होता है। इसे आसानी से नहीं समझा जा सकता है। ऐसे में यात्रा कर रहे यात्रियों को किसी भी अनजान व्यक्ति से ज्यादा बात करने से परहेज करनी चाहिए। घर से बाहर निकलते वक्त खासकर ट्रेनों में कई प्रकार के लोग मिलते जुलते रहते हैं। उन से समान दूरी बनाये रखने की जरूरत है। यह गिरोह आसानी से यात्रियों की शिनाख्त कर लेता है कि कौन सा मुर्गा फंसने वाला है। उसके इर्द-गिर्द उनका डेरा जमने लगते है। परिस्थितियों को भांपते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों या मोबाइल हेल्प लाइन का इस्तेमाल किया जा सकता है। आज के नये तकनीक युग में किसी समस्या का समाधान बंद हथेली को खोल देने से मिल जाता है। बस जरूरत है उसे जानने और समझने की। बहरहाल ऐसे गिरोहों के तार कई जगहों पर फैले रहते हैं। थोड़ी सी असावधानी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करते हैं। ट्रेन का सफर काफी रोमांचक होता है। नये साल में लोग यात्रा पर निकल रहे हैं। मौज और मस्ती में इन तमाम बातों को ध्यान में रखनी चाहिए। तभी किसी की यात्रा सुखद हो पायेगी। कारण बाहर में अपना विवेक ही साथी होता है।

**नशाखुरानी गिरोहों का अपना एक नेटवर्क होता है। ऐसे में यात्रा कर रहे यात्रियों को किसी भी अनजान व्यक्ति से ज्यादा बात करने से परहेज करनी चाहिए। घर से बाहर निकलते वक्त खासकर ट्रेनों में कई प्रकार के लोग मिलते जुलते रहते हैं। उन से समान दूरी बनाये रखने की जरूरत है। यह गिरोह आसानी से यात्रियों की शिनाख्त कर लेता है कि कौन सा मुर्गा फंसने वाला है। उसके इर्द-गिर्द उनका डेरा जमने लगते है। परिस्थितियों को भांपते हुए रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों या मोबाइल हेल्प लाइन का इस्तेमाल किया जा सकता है।**

# स्वच्छ भारत मिशन : साफ होते शहर-गांव

**इन दिनों**


आर.के.सिन्हा



*करीब* नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आये, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है। बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देशभर में कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं। उनमें एक-दूसरे से बेहतर करने की होड़ लगी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अबतक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुर्नजागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है। गांधीजी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा। गांधीजी ने 1941 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रम नामक पुस्तिका प्रकाशित की। ग्राम स्वच्छता उन अठारह कार्यक्रमों में से छठा था जो गांधीजी ने उस पुस्तिका में बताये थे। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम साम्प्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, आर्थिक समानता, सविनय अवज्ञा आदि थे। आज गांधीजी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन इन नौ साल में जनआंदोलन बन गया है। आज ज्यादातर सड़कें साफ-सुथरी दिखती हैं, गलियों में कूड़ा नहीं दिखता। चाहे पर्यटन स्थल हों या रेलवे स्टेशन। हर जगह सफाई दिखती है। देश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अब देश के कुल गांवों में से तीन-चौथाई यानी 75 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है, जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आजतक 4.43 लाख से अधिक गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। बात अगर उन राज्यों की करें जिन्होंने 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव हासिल किये हैं वे हैं- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नागर हवेली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और त्रिपुरा।

**आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आये, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है। बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देशभर में कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं। उनमें एक-दूसरे से बेहतर करने की होड़ लगी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अबतक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुर्नजागरण हुआ है। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है। गांधीजी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा।**

## आप की बात

### साइबर ठगी के बढ़ते मामले

साइबर ठगों ने पलामू जिले के सेवारत शिक्षक से लेकर सेवानिवृत्त सरकारी पदाधिकारी तक की गाढ़ी कमाई को समाप्त हो रहे साल-2023 में ठग लिया है। एक शिक्षिका से 1.80 लाख रुपये और सेवानिवृत्त कर्मी से 21 लाख रुपये की ठगी की गई है। दोनों ही मामले में साइबर ठगों ने खुद को बैंककर्मी बताकर खाते से राशि गायब कर दिया। दोनों ने तत्काल साइबर थाना को लिखित शिकायत की। साथ ही गोपनीय जानकारी साइबर ठगों तक कैसे पहुंच रही है? यह सवाल उठाते हुए बैंककर्मियों की मिलीभगत होने का भी आरोप मढ़ा। पलामू से एक साइबर ठग भी इस साल पकड़ में आया जो विभिन्न कंपनियों का जाली वेबसाइट बनाकर लोगों से साइबर ठगी करता था। दिल्ली पुलिस की टीम उसे पलामू से पकड़कर ले गई। उसके खिलाफ लाखों रुपये की साइबर ठगी किए जाने की शिकायत प्रारंभिक तौर पर सामने आई है। पलामू की एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि 2023 में अबतक साइबर थाने में विभिन्न प्रकार से साइबर ठगी के 23 मामले दर्ज कराए गए हैं। इसमें 18 मामलों का निष्पादन कर दिया गया है। गिरफ्तारी या सरेंडर कराकर 20 लोगों को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि साइबर ठग, दिहाड़ी मजदूर जैसे लोगों का फोन उपयोग कर ठगी का शिकार बनाते हैं। जागरूकता से ही साइबर ठगी की दूर किया जा सकता है, इसके लिए विभिन्न तरह से साइबर अपराध को लेकर थाना स्तर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण ही कस्टमर साइबर ठगी का शिकार होते हैं।

**- श्याम नारायण डालटनगंज।**

**राजनीति**


# बीते वर्ष में भारत ने निर्माण की नई रेखायें खींचीं


ललित गर्ग


*बीते* वर्ष में सकारात्मकता की नयी तस्वीरें सामने आयी। ज्यादातर बड़ी सकारात्मक खबरें आर्थिक उपलब्धियों और नये राजनीतिक समीकरणों से जुड़ी हैं। साल के अंत में हुए विधानसभा चुनावों, महिला सशक्तीकरण, सांस्कृतिक पुर्नजागरण, नये संसद भवन के उद्घाटन, हर क्षेत्र में स्वदेशी की शक्ति और संसदीय-राजनीति, सुप्रीम कोर्ट के कुछ बड़े फैसलों, चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 मिशन जैसी वैज्ञानिक उपलब्धियां निराशा से ज्यादा आशाभरी खबरों ने आजादी के अमृतकाल में वास्तविक रूप में अमृतमय होने के संकेत दिये हैं। भारत की दिशा एवं दशा बदल रही है। बीते वर्ष में राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है। चीन के हैंगजाऊ में हुए एशियाई खेलों में कई प्रकार के रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने खेल की दुनिया में बड़ा कदम रखा। उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है पदक तालिका में 'सौ से अधिक पदक' प्राप्त करना करना। यह उपलब्धि देश के आकार को देखते हुए पर्याप्त नहीं है, पर पिछले प्रदर्शनों से इसकी तुलना करें, तो बहुत बड़ी है। यह भारत के विकसित होते बदलते सामाजिक-आर्थिक स्तर को भी रेखांकित कर रही है। शेयर मार्केट तमाम कयासों को झुठलाते हुए उच्चस्तर पर बना हुआ है। जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है, साथ ही जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त हुए सप्ताह में 20 माह के उच्चतम स्तर 616 अरब डॉलर हो गया है। 25 मार्च, 2022 के बाद का यह उच्चतम स्तर है। आत्मनिर्भर बनने के संकल्प के पथ पर दौड़ रहे भारत ने हर क्षेत्र में स्वदेशी का लोहा मनवाया है। हमने युद्धपोत और हल्के लड़ाकू विमान से लेकर घातक ड्रोन तक बनाया है। देश में इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल हम खुद बना रहे हैं। अपने बूत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर भारत ने पूरी दुनिया को चौंकाया है।

**बीते वर्ष में राजनीति से लेकर सामाजिक, आर्थिक से लेकर खेल तक, सुरक्षा से लेकर सौहार्द तक अनेक सकारात्मक दृष्टिकोण ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास को बल दिया है।**

**फेसबुक वॉल से**




**X - से**




**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

# कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया इसी संघ के विवाद ने


अशोक मधुप

*छह* माह से ज्यादा पहले पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि अब उनका कुश्ती से कोई लेना-देना नहीं है। पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया। यह नुकसान दिख नहीं रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा। खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर इस खेल को बचाने के लिए बड़ा संदेश दिया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से फेडरेशन का कामकाज चलाने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा है। खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का संचालन राष्ट्रीय खेल विकास संहिता में दिये राष्ट्रीय खेल फडरेशन के कामकाज की तरह करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी। भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराये गये थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गये थे। चुने जाते ही संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं। सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे। कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाये थे। संजय सिंह के चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

**पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया। यह नुकसान दिख नहीं रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा।**


**बोधि वृक्ष**

## कथा गौ माता 'कामधेनु' की

सहस्त्रार्जुन ने जब ये देखा कि आश्रम में कोई खास सुख-सुविधा के न होते हुए भी उनका स्वागत इतनी भव्यता से किया गया है तो वो बड़े हैरान हुए। तभी राजा की नजर आश्रम में स्थित कामधेनु गाय पर पड़ी तो उन्हें तुरंत समझ आ गया कि ये सब इस चमत्कारी गाय के प्रभाव से ही संभव हो पाया है। तब उन्होंने ऋषि जम्दागिन से कामधेनु को उन्हें देने के लिए कहा और जब ऋषि ने मना किया तो उन्होंने इस गाय को पाने के लिए उनके आश्रम पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया। आश्रम को ध्वस्त करने के बाद सहस्त्रार्जुन ने बल का प्रयोग करते हुए कामधेनु को अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। लेकिन तभी कामधेनु राजा के हाथों से छूटकर स्वर्ग चली गई। और इस प्रकार सहस्त्रार्जुन को खाली हाथ लौटना पड़ा। जब परशुराम ने अपने पिता के आश्रम की ऐसी अवस्था देखी तो क्रोध में आकर उन्होंने राजा सहस्त्रार्जुन के देश जाकर उनका वध कर दिया। कामधेनु गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास माना जाता है। इनमें 12 आदित्य, 8 वसु, 11 रुद्र और 2 अश्विन कुमार देवी-देवता हैं। इस प्रकार कामधेनु के अंग-अंग में सुख-समृद्धि और शक्ति का वास है। ऐसा माना जाता है कि केवल कामधेनु की उपासना से सभी देवी-देवता प्रसन्न हो जाते हैं। इस प्रकार कामधेनु गाय अपनी दैवीय शक्तियों के बल पर भक्तों की हर मनोकामना पूरी करती है। भारतीय वास्तुशास्त्र में भी कामधेनु गाय का विशेष महत्व है। कहते हैं घर में एक विशेष स्थान पर कामधेनु की उनके बछड़े नंदिनी के साथ प्रतिमा रखी जाय तो उस घर के सभी जनों को आध्यात्मिक और भौतिक सफलता प्राप्त होती है। क्यूंकि कामधेनु घर में सौभाग्य, समृद्धि और खुशहाली लाती है।

(क्रमशः)

**टेक वर्ल्ड**

## एक्स ला रहा है दो नये प्लान्स



शुरूआत में जब सोशल मीडिया का दौर चला था तो कई सारे लेखक प्रतिक्रिया में रहते थे कि जब यूजर्स इसके आदी हो जायेंगे तो लाइक और कमेंट के भी पैसे लगेंगे और एक्स इसको बिल्कुल सही साबित करता जा रहा है। ट्विटर अब पूरी तरह से X बन चुका है और एलन मस्क जिन्हें दुनिया ना केवल सबसे बड़े अरबपति के रूप में जानती है, बल्कि इनोवेटिव एंटरप्रेन्योर के रूप में भी उनकी पहचान है, उन्होंने ट्विटर को पूरी तरह से बदल दिया। भारत में नये कान की मशीनों की कीमत (और आकार) आपको चौंका देगी इस बदलाव की कड़ी में वह दो प्रीमियम पेड प्लांस के साथ आने वाले हैं, जिसमें पहला 8 डॉलर मंथली से कम का प्लान होगा। वहीं दूसरा प्लान थोड़ा महंगा होगा जो सभी प्रकार के विज्ञापनों को हटा देगा। जाहिर तौर पर एक्स की अपनी एक अलग लोकप्रियता है और उसी लोकप्रियता को एलन मस्क पूरी तरह से भुनाने की कोशिश कर रहे हैं। एलन मस्क ने जब से ट्विटर को खरीदा है वह आमदनी बढ़ाने के लिए अलग-अलग प्रयोग को लगातार रोल आउट कर रहे हैं। हालांकि बहुत सारे फॉलोअर्स उनके इस प्रयासों को पसंद नहीं भी कर रहे हैं। जैसे एक फॉलोअर द्वारा इस प्रयास पर कमेंट किया गया कि एक को ज्यादा मोनेटाइजेशन पेआउट सिस्टम पर कार्य करना चाहिए। खैर कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना। इससे भला एलन मस्क को सीधे तौर पर कुछ लेना-देना नहीं है, लेकिन आपको बता दें कि कम रुपए वाले प्रीमियम प्लान में यूजर्स को सभी फीचर मिलेंगे लेकिन उसमें एडवर्टाइजमेंट भी रहेगी यानी ऐड भी आपको दिखेगा।

(क्रमशः)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### नगर निगम ने दिव्यांगों के बीच बांटे कंबल



**हजारीबाग।** भीषण ठंड को देखते हुए हजारीबाग निगम क्षेत्रान्तर्गत प्रशासक शैलेन्द्र कुमार लाल ने निर्धन असहाय दिव्यांगों के बीच 200 कंबल वितरण किया गया। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त बिपिन कुमार एवं अनिल पांडेय, नगर प्रबंधक राजीव रंजन,अभियंता गण, प्रधान सहायक निरंजन सिंह उपस्थित थे। विदित हो कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ठंड को देखते हुए मुख्य चौक चौराहों, बस स्टैंड तथा अन्य भीड़ भाड़ वाले स्थान जहाँ रात्री में यात्रीगण आते जाते है वहां प्रतिदिन आलाव की व्यवस्था नगर निगम हजारीबाग द्वारा की जा रही है। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त केआदेशानुसार निगम के पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा जरूरतमंदो के बीच रात्रि में कंबल वितरण किया जा रहा है।

### एकल अभियान भुरकुंडा संच का एक दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग संपन्न



**रामगढ़।** एकल अभियान भुरकुंडा संच का एक दिवसीय मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग का भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में गुरुवार को समापन हुआ। इसमें पतरातु प्रखंड के 28 गांव के आचार्य उपस्थित थे। वर्ग में मुख्य रूप से अंचल महिला समिति सचिव अनामिका श्रीवास्तव एवं भुरकुंडा संच समिति के कोषाध्यक्ष विक्रम कुमार मैजुद थे। मौके पर अनामिका श्रीवास्तव ने पिछले माह आचार्यगण द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, स्वाभिमान जागरण और संस्कार शिक्षा आदि पांचो शिक्षा के विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा की आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन होना है। जिसमें सभी स्वयंसेवक अपने-अपने गांव के मंदिरों में एकत्रित होकर श्रीराम की स्तुति और दीप जलाएंगे।

### ओबीसी कांग्रेस का विस स्तरीय सम्मलेन सह वनभोज

**चौपारण।** बरही विधानसभा स्तरीय कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के सम्मेलन सह वनभोज सिंघरावां के सेवई फार्म में हुई। जिसमें बरही विस क्षेत्र के चौपारण, पदमा और बरही प्रखंड के ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। आयोजित सम्मेलन सह वनभोज में मुख्य अतिथि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू, प्रकोष्ठ के प्रदेश कोर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, प्रदेश प्रवक्ता डॉ प्रकाश कुमार, जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला महासचिव सह जिप सदस्य रवि शंकर अकेला उपस्थित थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिलाष साहू में कहा कि ओबीसी वर्ग के पदाधिकारी और सदस्यों को गांव-गांव में एकजुट होने कि जरूरत है।

### सौंदा डी में धूमधाम से मना कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस जात की नहीं जमात की राजनीति करती है : बलजीत सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सौंदा डी स्थित पार्टी कार्यालय में गुरूवार को कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कांग्रेस के झारखंड प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी ने झंडोत्तोलन कर किया। इसके बाद उपस्थित लोगों के बीच मिठाई का वितरण कर एक-दूसरे को 139वें स्थापना दिवस की बधाईयां दीं। मौके पर मुख्य अतिथि बलजीत सिंह बेदी ने पार्टी की मजबूती पर बल देते हुए अधिक से अधिक नये सदस्यों को संगठन में जोड़कर इसे और मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जात की नहीं जमात की राजनीति करती है। इसमें सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा जाता है, साथ ही सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। मुख्य अतिथि श्री बेदी ने आगामी 14 जनवरी को राहुल गांधी के न्याय यात्रा की सफलता पर चर्चा करते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने की अपील की। वहीं, कांग्रेस पार्टी के नवमनोनित रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा की क्षेत्र का चहुंमुखी विकास व जन समस्याओं का समाधान ही पार्टी का उद्देश्य है। उन्होंने कहा की सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता प्रयासरत हैं। कहा कि हर हाल में 14 जनवरी की न्याय यात्रा ऐतिहासिक होगी। जो आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीर चटर्जी व संचालन युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने किया। मौके पर सुरेश यादव, दिनेश कुमार, अलिइमाम, कालिका प्रसाद, राजेंद्र मुंडा, प्रिंस कुमार, रामवृक्ष कुमार, बांका विश्वकर्मा, खुर्शीद कुरैसी, तुलसी भंइया, शिवपूजन, विनोद कुमार, बबलू कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद थे।

## जयंत सिन्हा के सौजन्य से असहायों के बीच कंबल व स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
लोकसभा सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति के सौजन्य से हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 सदानंद रोड में नगर निगम के सफाई कर्मियों के बीच कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कंबल वितरण सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से विगत कई वर्षों से गरीबों और असहयों के बीच लगातार किया जा रहा है, इसी क्रम में गुरुवार को जिला मुख्यालय में गरीबों और असहयों को चिन्हित करते हुए लगभग 2 सौ कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट का वितरण किया गया। कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट प्राप्त कर उन मजदूरों ने सांसद जयंत सिन्हा को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने हमारी मजबूरी को देखते हुए जो हमें कंबल प्रदान किया है इससे हमारे परिवार को ठंड से बचाव में काफी सहयोग होगा और स्वास्थ्य सुरक्षा किट से हम अपने परिवार को स्वस्थ रखने में कामयाब होंगे। कंबल और स्वास्थ्य सुरक्षा किट वितरण करते हुए सांसद जयंत सिन्हा के निजी सचिव हिमांशु कुमार ने कहा कि आने वाले दिनों में आगे भी श्री सिन्हा के सौजन्य एवं सहयोग से कंबल का वितरण जारी रहेगा। कंबल वितरण कार्यक्रम में सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा, रंजीत कुमार सिंह एवं सुबोध पासवान उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति केन्द्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को होगा लाभ : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के दुलमी पैक्स में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि प्रमुख रेणू देवी, उपप्रमुख धर्मधीर महतो सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव साव द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कहा धान अधिप्राप्ति केंद्र खुलने से किसानों को काफी लेबर होगा। अब किसान सरकारी दर 2300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से अपना अनाज बेच सकेंगे। धान अधिप्राप्ति केंद्र नही खुलने से बिचौलिए औने- पौने दाम में किसानों से धान की खरीदारी कर लेते थे, जिससे किसानों को काफी नुकसान होता था। किसानों से आग्रह किया कि अपना धान अधिप्राप्ति केन्द्र पैक्स में ही बेचे। साथ ही कहा कि आज से पूरे झारखंड के पैक्सों में सरकारी दर पर किसान अनाज बेच सकते हैं, जिससे उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके। साथ ही किसानों को आधी राशि तुरन्त मिलेंगी। मौके रविन्द्र महतो, अध्यक्ष विनय सिन्हा, दिनेश चौधरी, खुर्शीद आलम, सतीश महतो,गोपाल महतो,सुधीर महतो, शिशू महतो आदि उपस्थित थे।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा का आयोजन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिटी कोऑर्डिनेट डॉ. एहसानुल हक बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे शिरकत किये। मौके पर मुख्य अतिथि के द्वारा परीक्षा के डर और बाधाओं से कैसे उबरें, पर सलाह दी गई। एहसानुल हक ने छात्रों को आत्म-प्रेरणा, समय प्रबंधन, छात्र जीवन में प्रौद्योगिकी की भूमिका, खाली समय का सर्वोत्तम उपयोग, लक्ष्य निर्धारित करना और प्राप्त करना। परीक्षा में ग्रेड प्राप्त करने के लिए तनाव से मुक्त होना और इसे एक अवसर के रूप में लेना जैसे विषयों पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छात्र परीक्षा-पूफ होते हैं, क्योंकि परीक्षा उनके जीवन का एक स्वाभाविक हिस्सा है और उनकी विकास यात्रा में एक और मील का पत्थर है। छात्रा मुस्कान ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा से सीखा कि जीवन में तनाव मुक्त रहकर किस तरह तमाम कठिनाइयों को पार करते हुए आगे बढ़ना है। विद्यालय निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने कहा, परीक्षा जीवन का अंत नहीं है और परिणामों के बारे में अधिक सोचना दैनिक जीवन का विषय नहीं होना चाहिए। प्रधानाचार्या स्वाति ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अयोध्या से आए अक्षत कलश का मेयातु में किया गया पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
कटकमदाग प्रखण्ड के मेयातु गांव में अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश का पुजन किया गया। सर्व प्रथम मेयातु ग्राम के दुर्गा मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, शोभा यात्रा मेयातु से सादमपुर पहुंची जहा आचार्य राम स्वरूप पाण्डेय व आचार्य सुनिल कुमार पाण्डेय द्वारा कलश का पूजा अर्चना व आरती कराया गया, सादमपुर से कलश व अक्षत धूम धाम से गाजे बाजे के साथ मेयातु लाया गया और भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। जिस में गांव के सैकड़ों बुजुर्ग, युवा, महिला सम्मिलित हुए। बताते चले कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन किया जाना है, जिस में अयोध्या से देश के प्रत्येक गांव , शहर कस्बे में पूजित अक्षत कलश भेजा जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते छकन साव ने कहा कि सभी ग्राम वासी अपने अपने घर में 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाए, मंदिर व घर को सजाए, मंदिरों में रामचरित मानस , हनुमान चालीसा का पाठ करे। व खुशियां मनाएं।

### नए वर्ष में फिर जुट रहे सैलानी परन्तु सवाल अब भी वही

# बड़कागांव में विकास या बर्बादी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
नए वर्ष का आगमन हो रहा है, ऐसे में सैलानी पिकनिक के लिए बड़कागांव जाना खूब पसंद कर रहे हैं। बड़कागांव में कई स्थल हैं जहां पिकनिक के लिए भीड़ लगती है। शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर बड़कागांव कभी अपनी उपजाऊ जमीन के लिए जाना जाता था। यहां का गन्ना और गुड़ लोगों को खूब भाता है परंतु अब यह इलाका कोयला खनन को लेकर जाना जाने लगा है। इसके लिए यहां कंपनी भी लगी, कंपनी फायदे में है। कंपनी ने कोयला ढोने के लिए कन्वेयर बेल्ट का बहुत बड़ा सिस्टम तैयार किया जो एशिया का सबसे बड़ा कन्वेयर बेल्ट बन इतिहास रच दिया। कंपनी के आने से कई लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ, कई स्कूल और अस्पताल खुल गए। रोजगार के नए-नए साधन उपलब्ध हो गए। जानकारों ने इसे विकास का नाम दिया. मगर इन सब चीजों के बीच में कई लोगों के दिल में टीस रह गई। कई लोगों के उपजाऊ जमीन कंपनी के पास चली गयी। कई लोगों ने आंदोलन में अपने प्राण गवां दिए। कई कोर्ट कचहरी के चक्कर में फंस गए। गांव के भोले भाले ग्रामीणों की भावनाओं के साथ खेला गया। कथित नेताओं ने ये खेल खूब खेला। छोटे स्तर पर राजनीती भी खूब हुई जो असल में बहुत बड़ी राजनीती थी। आज की तारीख में यहाँ का पर्यायवरण शुद्ध नहीं है। भले ही सैलानी आज भी शहर से नजदीक होने की वजह से वहां जाना पसंद कर रहे हैं मगर हकीकत यही है पर्यावरण पहले की तुलना में उतना शुद्ध नहीं रहा। जंगलों के पेड़ पौधे कोयले के डस्ट से ढँक चुके हैं। सड़कों पर कोयला कण रहित काली धुल इतनी है कि यदि कोई व्यक्ति घंटे भर सड़क पर खड़ा हो जाए तो धुल की चादर ओढ़ ले। जानकर बताते हैं कि आने वाले समय में इसके बहुत बुरे प्रभाव देखने को मिलेंगे। यह सब देखने के बाद जेहन में एक ही सवाल आता है कि हमने विकास तो किया मगर किस बुनियाद पर।

## हजारीबाग सदर विधायक के सेवा, सम्मान व संघर्ष के पूरे हुए सफलतम 09 साल



हजारीबाग। मनीष जायसवाल हजारीबाग। सदर विधायक मनीष जायसवाल का प्रथम और द्वितीय वर्ष का कार्यकाल वर्ष 2020 और 2021 कोरोना को लेकर ही समाप्त हो गया। इस कोरोना काल के दौरान बड़े फ्रंटलाइन कोरोना वॉरियर्स के रूप में जन सेवा में तन, मन और धन से जुटे रहकर मानवीय संवेदना, सेवा और समर्पण कर लोगों के दुख- सुख में सदैव सहभागी बनकर उनके बीच बने रहें। आपदा काल में भी उनके द्वारा संचालित विधायक कार्यालय ने पाटा है। जहां ना सिर्फ. वे बल्कि पूरे लॉकडाउन काल में उनके पूरे परिवार के सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक व उनके प्रतिनिधि 247 लोगों की भय, भूख मिटाने में जुटे रहे। अन्य दिन भी यहां अपने तकलिफों और समस्याओं को लेकर लोगों का जमावड़ा रहता है और उनके हर जायज समस्याओं का त्वरित समाधान भी होता है। उनके तीसरे वर्ष का पूरा कार्यकाल जनहित के संघर्षों में बीता। कभी मूलभूत सुविधाओं और जन समस्याओं यथा बिजली, पानी के लिए आंदोलन तो कभी धर्म और संस्कृति को अच्छुन्न रखने के लिए सड़क से सदन तक आंदोलनरत रहें। वर्तमान राज्य सरकार की विफलता को लेकर हर स्तर पर जनता को जागरूक करते रहें। स्व.रूपेश पांडेय और स्व. अंकिता के न्याय के लिए मुखरता से हर स्तर पर आवाज बुलंद किया। नमो फुटबॉल टूनार्मेंट को एक नए स्वरूप में लाया और खेल व खिलाड़ियों के उत्थान के साथ इस टूनार्मेंट को सदर विधानसभा क्षेत्र के बाहर जिले के अन्य प्रखंडों में भी पहुंचाया। रामनवमी की परंपरा को बढ़ावा देने के लिए अखाड़ा धारियों के बीच पंहुचे और इन्हें लाठी, तलवार और झंडा भेंट किया।

## जय नंदनी कोमोडिटीज व इंदु मित्रा डील मार्क प्राइवेट लिमिटेड ने कंबल का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जय नंदनी कोमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड और इंदु मित्रा डील मार्क प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से भदानीनगर क्षेत्र के भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान जय नंदनी के निदेशक नेपाल यादव, धनजंय प्रसाद यादव, भोला यादव, किशोर यादव ने साइडिंग में कार्यरत लगभग 250 मजदूरों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर नेपाल यादव व धनजंय प्रसाद यादव ने कहा की जय नंदनी कोमोडिटीज व इंदु मित्रा डील मार्क प्राइवेट लिमिटेड अपने सामाजित दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निभाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बढ़ते ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से मजदूरों के बीच का कंबल का वितरण किया गया है। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित मजदूरों को हर संभव सहयोग किया जायेगा। साथ ही मजदूरों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए आने वाले दनों में चिकित्सकीय जांच शिविर भी लगाया जायेगा। उन्होंने कहा की यहां कार्यरत मजदूरों के स्वास्थ्य व हितों का पूरा ख्याल रखा जाता है। मौके पर रइस आलम, हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, अमित साव, अजीत अंसारी, बिनु भगत आदि उपस्थित थे।

### नेशनल पब्लिक स्कूल, हजारीबाग ने धूम धाम से मनाया वार्षिक उत्सव

# विद्यार्थियों ने दी एक से बढ़कर एक प्रस्तुति




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
नेशनल पब्लिक स्कूल में भव्य तरीके से विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव विशिष्ट अतिथि डॉक्टर एहशानुल हक,सीबीएसई नगर संयोजक सह प्राचार्य ओएसिस स्कूल हजारीबाग,सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी परिमल कुमार एवं नेशनल पब्लिक स्कूल के निर्देशक विश्वा मित्र, अध्यक्ष प्रोफेसर शिव दयाल सिंह, प्राचार्य धीरेन्द्र कुमार सिंह , उपप्राचार्य कुमारी सोनी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित के साथ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बिनोद कुमार सिंह एवं स्वर्गीय कौशल्या देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर के किया गया। विद्यालय के वार्षिक महोत्सव को संबोधित करते हुए विद्यालय के निर्देश विश्वामित्र ने कहा विद्यालय का स्थापना 1977 में स्वर्गीय विनोद कुमार सिंह एवं गायत्री देवी के द्वारा स्थापना की गई थी शुरूआत के दौर में पांच बच्चों के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अलखजगाने की शुरूआत की गई थी जो 47 वर्ष से आज तक चल रहा है मुख्य अतिथि पंचानन उरांव ने कहा की आज के माहौल में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास किताबों तक ही सीमित नहीं है इसलिए जरूरी है कि स्कूलों में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अलावा हर प्रकार की शिक्षा दी जाए। नेशनल पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को ऐसी ही शिक्षा दी जाती है। सभी स्कूलों को इस प्रकार की शैली का अनुसरण करना चाहिए। सम्मानित अतिथि डॉक्टर एहशानुल हक ने कहा की अगर हमें अपना सुनहरा कल बचाना है तो पर्यावरण की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा, इसके लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। सभी को पर्यावरण की सुरक्षा अपना कर्तव्य मानना चाहिए और जिसकी शिक्षा स्कूलों से ही मिलनी चाहिए। बच्चों में चरित्र निर्माण स्कूलों से ही होना चाहिए। कार्यक्रम की शुरूआत में जहां बच्चो के स्वागत गीत ने अतिथियों का मन मोहा वही स्वागत नृत्य गणेश वंदना से सभी को अचंभित किया।

## सदर विधायक ने कटकमदाग प्रखंड के आधा दर्जन गांवों का किया सघन दौरा, सुनी लोगों की समस्याएं



**हजारीबाग ।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों का सघन दौरा किया और कई विकास योजना का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। विधायक मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत ग्राम पसई में पसई प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति लिमिटेड में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन कर किया। जिसके बाद कटकमदाग पंचायत के ग्राम कटकमदाग के श्मशान घाट में डीएमएफटी मध्य की राशि 49.5 लाख की लागत से पीसीसी पथ, गार्डवाल, शेड निर्माण कार्य का आधाशिला शिलापट्ट अनावरण कर रखा। तत्पश्चात विधायक निधि की राशि 5 लाख की लागत से निर्मित ग्राम बांका में छठ घाट में सीधी निर्माण और श्मशान घाट में सेड निर्माण एवं ग्राम मेयातू में बोलिया तालाब के पास शेड और मामा महुआ से पचरिया आम तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन शिलापट्ट अनावरण कर नारियल फोड़कर किया । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र का कोई भी इलाका विकास से अछूता न रहे इस दिशा में हुए लगातार कार्य कर रहे हैं । मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, मंडल अध्यक्ष कविंद्र यादव, उपाध्यक्ष कमल साव, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, पसई पंचायत पूर्व मुखिया हुलास प्रसाद कुशवाहा, कटकमदाग मुखिया अंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि सुनील गोप, कुसुम्भा पंचायत पूर्व मुखिया गणेश तुरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ट्रैफिक सुरक्षा को लेकर गंभीर, एसडीओ को ज्ञापन

# बिना हेलमेट बाईक की नही करें सवारी : अध्यक्ष



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
ट्रैफिक सुरक्षा को लेकर विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन गंभीर है। ट्रैफिक नियमों की जानकारी देना और उसे पालन करवाने के लिए आदर्श कदम उठाए जा रहे है। बीते दिन फाउंडेशन की ओर से सभी पत्रकारों को हेलमेट देकर उनके लेखनी के माध्यम से सभी बाईक सवारों को हेलमेट प्रयोग करने का संदेशा दिया। इस दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए गुरुवार को हेलमेट आवश्यक करने को लेकर एसडीओ की अनुपस्थिति में एसडीओ के नाम उनके स्टेनो को एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में सभी पेट्रोल पंप वालो को बिना हेलमेट पेट्रोल नही देने हेतु आदेश देने की मांग की गई है। इस कदम का बुद्धिजीवियो ने भी समर्थन किया है। अध्यक्ष मंजीत यादव ने बताया कि बिना हेलमेट बाईक सवार असुरक्षित है। घर से निकलते ही बाईक सवार पुलिस से बचने के लिए नही खुद की सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग करे। विदित हो कि पिछले कई महीने से फाउंडेशन जनहित सुरक्षा को लेकर ज्यादा गंभीर है। इसी के तहत फाउंडेशन की ओर से लोगो को हर संभव सेवा देने का काम किया जा रहा है। ठंड प्रारंभ होते ही बरही विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न पंचायतों में शिविर लगाकर गरीबों को कंबल देकर ठंड से बचाने का काम किया गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष सहित राजद के के बरही विधानसभा प्रभारी राजेंद्र स्वर्णकार, जिला विधायक प्रतिनिधि वासुदेव यादव, बरही विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष नरेश सिंह आदि शामिल थे।

## वर्ष 2024 में सभी 12 राशि वालों का भविष्यफल मिलाजुला रहेगा : मिथलेश तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र के संचालक मिथलेश तिवारी ने 28 दिसम्बर को बताया की वर्ष 2024 सभी 12 राशि वालों के लिए मिलाजूला रहेगा । इस क्रम में उन्होंने विभिन्न राशियों के लिए जानकारी देते हुए बताया की वर्ष 2024 कुछ राशि वालों के लिए शुभ फलदायी रहेगा तो कुछ राशि वालों के लिए मिलाजूला रहेगा । उन्होंने वर्ष 2024 विभिन्न राशि वालों के लिए कैसा रहेगा इसका विश्लेषण दिया।

मेंष राशि : साल की शुरूआत में देव गुरु बृहस्पति मार्गी हो जाएंगे जिनका गोचर आपके प्रथम भाव में ही हो रहा है। देव गुरु बृहस्पति के मार्गी होने से आपके जीवन में बड़े सकारात्मक परिणाम आएंगे। देव गुरु आपके भाग्य के स्वामी है और उनका गोचर आपके लग्न में ही हो रहा है। ऐसे में साल 2024 की शुरूआत से ही आपको अपने भाग्य का पूरा साथ मिलने वाला है। इस साल आपको प्रचुर मात्रा में धन प्राप्त होगा और निवेश से भी भरपूर लाभ आपको प्राप्त होगा। आपके घर में खुशी आएगी और कई अटके काम पुरे होंगे। वृषभ राशिः साल की शुरूआत में ही देव गुरु बृहस्पति आपके द्वादश भाव में मार्गी हो जाएंगे। देव गुरु आपके अष्टम और लाभ स्थान के स्वामी होकर विदेश भाव में मार्गी हो जाएंगे। इससे ना सिर्फ आपकी सेहत में सुधार होगा बल्कि आपके बढ़ते खर्चों पर भी लगाम लगने वाली है।

## जिलाध्यक्ष के नेतृत्व सैकड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**हजारीबाग।** भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दूसरे दल के लगभग 100 कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उन्हे अशोक यादव ने सदस्यता ग्रहण किये गए कार्यकताओं को पार्टी के प्रति समर्पित भाव से निष्ठावान कार्यकर्ता की भांति कार्य करने का आह्वान किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल से प्रभावित होकर इन युवकों ने पार्टी जॉइन किया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनेवालो में अधिकतर युवक युवतिया मुस्लिम समाज से हैं। कार्यक्रम अटल भवन में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से डॉ रविंद्र राय, हुडको के निर्देशक सह पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थे। मिलन समारोह में मोहम्मद शहादत अंसारी के नेतृत्व में 100 से अधिक युवक युवतियां शामिल थी। इस मौके पर भाजपा की सदस्यता लेनेवाले मोहम्मद शहादत ने कहा कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश हित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर तथा जिस तरह से पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान मोदी बढाए हैं इससे प्रभावित होकर हमलोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

## एक नजर

### जोराम लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की शुरूआत



**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जोराम पंचायत में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का लैंपस में जिला आपूर्ति पदाधिकारी संदीप भगत के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मौके पर मौजूद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया किसानों को उनकी फसल का सही कीमत मिले इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने ने बताया इस बार धान ग्रेड ए 2320, और ग्रेड बी 2300 सौ रुपये प्रति क्विंटल दर से धान का भुगतान किया जाएगा। धान क्रय केंद्र जोराम लैंपस को 2100 क्विंटल धान खरीदारी का लक्ष्य दिया गया है।बीडीओ पंकज कुमार ने बताया लैपम्स में किसान अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराऐं एवं धान बेचकर मुनाफा कमाए।वही धानक्रय केंद्र लैंपस जोराम के सचिव रामकेश्वर सिंह ने बताया प्रतिदिन धान सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक जोराम लैंपस में धान की खरीदारी की जाएगी। विशेष परिस्थिति में किसान मोबाइल से संपर्क कर धान बिक्री कर सकते हैं। मौके पर सीओ कमलेश उरांव एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

### सहकारिता विभाग के कार्यों की सिमडेगा उपायुक्त ने की समीक्षा



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के दौरान लैंपस में नए सदस्यों की स्वीकृति, सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज कार्यालय खोलने, वनोपज एवं कृषि संबंधी कार्ययोजना, जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजन करने एवं अन्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज कार्यालय खोलने हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जिले में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले वनोपज का मार्केटिंग करने एवं उसका प्रोसेसिंग कराने से संबंधित आवश्यक कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो सहित अन्य उपस्थित थे।

### अग्रवाल सभा के ने गरीबों व बुजुर्गों के बीच किया कंबल वितरण

**सिमडेगा।** अग्रवाल सभा के द्वारा तारबोगा मंदिर परिसर में 60 गरीब बुजुर्ग असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल ने कहा कि जिले में बढ़ रही ठंड को देखते हुए अग्रवाल सभा प्रत्येक वर्ष जाड़े में गरीबों के बीच कंबल एवं गर्म वस्त्रों का वितरण करती रही है इसी के तहत इस वर्ष भी वंचित एवं जरूरतमंद लोगों के बीच अग्रवाल सभा के द्वारा गर्म वस्त्र एवं कंबल का वितरण किया जा रहा है।

## बानो क्षेत्र में जंगली हाथियों से लोग परेशान

**बानो।** जंगली हाथी के आने से लोगो मे दहशत नही परन्तु मनोरंजन का साधन बन गया।गुरुवार तड़के जंगली हाथी जो अपने दल से बिछुड़ा है।लगभग पाँच वर्षों से सिमडेगा गुमला ,रनिया तो कभी सिंहभूम तो कभी उड़ीसा की ओर चला है।इस जंगली हाथी ने अब तक कई लोगो मार डाला है। कई ग्रामीणों के घर उजाड़ दिया है फिर भी ग्रामीण जंगली हाथी को मनोरंजन का साधन समझ रहे ।ग्रामीण चारों ओर से हाथी को घेर कर ईंट पत्थर तो कभी पटाखे फोड़ रहे हैं।कहीं लोगो की लापरवाही से बड़ी दुर्घटना न जाय।पिछले महीने ही हाटिंगहोडे के पास बाजार से लौट रही दो महिलाओं को पटक पटक कर मार डाला था। वन विभाग के अधिकारियों के मना करने के बावजूद हाथी के पीछे पीछे दौड़ रहे हैं। कभी हाथी दौड़ाता है तो कभी ग्रामीण। दिन भर लोग दौड़ाते रहे ऐसे में हाथी गुस्से में आ कर कहीं हमला न कर दे। इधर वन विभाग में लगातार लोगों को हाथियों को न छोड़ने की बात कही है लेकिन इसके बावजूद लोग दिनभर हाथी को छेड़ते रहे।

मुंडा खुटकटीदारों ने किया हॉकी खेल टूर्नामेंट का आयोजन, बोले विधायक

# सरकार ने मुंडा समुदाय को खुटकटी कानून के तहत दिया था विशेष अधिकार



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

प्रखंड के बम्बलकेरा पंचायत में मुण्डा खुटकटीदारो द्वारा गुरुवार को हॉकी खेल का आयोजन किया गया।खेल में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित हुए उन्होंने। खेल का फाईनल राजाबासा पंचायत के बिडियम एवं चौरापानी बन्दरचुंआ कोलेबिरा के बीच खेला गया। जिसमें बिडियम ने तीन एक से बिजय प्राप्त किया। लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल के महत्व को हम सभी अच्छी तरह समझते हैं।खेल अनुशासन सीखाता है,खेल भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा देता है,आज सरकार के माध्यम से खेलाड़ियों को नौकरी एवं सहयोग देकर उत्साहित कर रहा है।किन्तु आज इस खेल का आयोजन जिस समिति के द्वारा कराया जा रहा है उन्होंने खुटकटी के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एक ऐसा कानून है जो एक मात्र मुण्डा समुदाय को प्राप्त है।इस में सरकार खुटकटी कानून में विशेष अधिकार दिया है। जिसमें खुटकटी जमीन का रशीद सरकार द्वारा नहीं काटा जाता है ।ये अपने स्वयं खुटकटी रशीद काटते हैं और सरकार को बख्शीस के बतौर पैसा सरकार को देते हैं।ये अधिकार पुरे विश्व में एक ऐसा कानून है जो मुण्डा खुटकटीदारो को प्राप्त है।इस कानून के अन्तर्गत क्रिश्चियन मुण्डा खुटकटीदार हो या सरना खुटकटीदार हो दोनों को समान अधिकार प्राप्त है। किन्तु आज भाजपा और उसकी सरकार आपस में लड़ाने का कार्य डीलिस्टिंग के माध्यम से करना चाहती है।जो बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण है। इसलिए हमें सजग हो कर अपने आदिवासी एकता को बरकरार और मजबूत बनाए रखने की आवश्यकता है।कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,रावेल लकड़ा, प्रखण्ड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, प्रखण्ड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद वाहिद, पंचायत समिति सदस्य सुशांति कण्डुलना, आयोजन समिति के नीरल हेम्ब्रम, नामजन बुढ़,उदय लुगुन, प्रकाश लुगुन,सोशन बुढ़, सुगरदान हेम्ब्रम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा के पास चेचिस ट्रक ने मारी कार को टक्कर

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के अल्बर्ट एक स्टेडियम के पास गुरुवार सुबह चेचिस ट्रक के द्वारा एक कार को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी जोरदार ठीक ही कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को दी गई जिसके बाद सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर जयनाथ राम दलबल के साथ पहुंचे एवं पीसीआर एएसआई मिंजु सोनी दोनों वाहनों को अपने अपने साथ थाना ले गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सिमडेगा खिजरी गांव निवासी राजेश कुमार रजक अपने कार से सिमडेगा शहर की ओर आ रहा था इसी दौरान सिमडेगा से छत्तीसगढ़ की ओर जा रही चेचिस ट्रक द्वारा मोड़ने के क्रम में ड्राइवर के दाहिनी साइड टक्कर मारी जिसकी वजह से कार क्षतिग्रस्त हो गया। इधर मामले की छानबीन चल रही थी। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों का आपसी समझौता का दौर जारी था।

## गुमो में ऑटो पलटने से युवक की मौत, दो हुए घायल




**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो में बुधवार रात एक ऑटो पलटने से ऑटो पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि ऑटो सवार दो लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान हजारीबाग जिले के बरही निवासी नरेश यादव ( 38 ) के रूप में हुई है। वहीं घायलों की पहचान यादव (पिता रमेश यादव) और लक्ष्य प्रसाद बरही निवासी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार सभी कोडरमा रेलवे स्टेशन से किराये पर ऑटो लेकर बरही जा रहे थे। इसी दौरान गुमो में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से ऑटो पर सवार घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद नरेश यादव को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

## रजिस्ट्री पेपर से नकली फिंगरप्रिंट बनाने वाले साइबर ठगी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने रजिस्ट्री पेपर से नकली प्रिंट बनाकर साइबर ठगी करने के मामले में सफलता हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात से आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया। गुरुवार को जानकारी देते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ ने बताया कि 18 अगस्त को सिमडेगा थाना क्षेत्र की एक महिला की खाते से अवैध रूप से 48976 की निकासी की गई थी । बाद में पीड़िता ने मामला दर्ज कराया था। और बताया कि समाहरणालय स्थित प्रज्ञा केंद्र में फिंगरप्रिंट स्कैन कराया था साथ ही बताया जमीन खरीदने के लिए अपना फिंगरप्रिंट दिया था। पुलिस ने मामले की जांच की तो पता चला कि उत्तर प्रदेश के अविनाश कमल एवं आकाश सोनी बीकानेर फैजाबाद द्वारा साइबर ठगी की घटना को अंजाम दिया था।

## लीड्स संस्था द्वारा स्वच्छ ऊर्जा आधारित पंचायत स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




**कोलेबिरा।** कोलेबिरा पंचायत में गुरुवार को लीड्स संस्था द्वारा रेस परियोजना के तहत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभआरंभ लीड्स के सामुदायिक उत्प्रेरक दिलराज नायक के द्वारा किया गया और सभी प्रतिभागियों का परिचय कराया गया। कार्यशाला को आगे बढ़ते हुए रेस परियोजना के सिमडेगा जिला परियोजना प्रबंधक कृष्णा महतो के द्वारा रेस परियोजना में 4 साल के दौरान किए गए उपलब्धियां एवं हो रही कार्यों को विस्तार पूर्वक बताई।वही सामुदायिक उत्प्रेरक लाल बहादुर सिंह के द्वारा सरकारी योजना एवं अविनाश के द्वारा धुँआ रहित चूल्हा के बारे में बताया गया।अंत में प्रखंड समन्वयक रितेश भगत के द्वारा सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यशाला का समापन किया गया । इस कार्यशाला में आकाश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा।

## सिमडेगा पुलिस ने अवैध लकड़ी लदे पिकअप वैन किया जब्त, तीन को भेजा जेल




**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिमडेगा सोनार टोली के पास अवैध लकड़ी लदा हुआ पिकअप वैन को जप्त करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में सिमडेगा कॉलेज रोड निवासी आरिफ हुसैन,कोलेबिरा के बरसलोया निवासी साखू डूंगडुग एवं बानो के कोनाप निवासी निरजन लुगुन शामिल है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि पिकअप वैन से अवैध लकड़ी लेकर सिमडेगा शहर की ओर आ रहे थे । इसी दौरान सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर मणि भूषण पासवान दलबल के साथ तत्काल छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पिकअप वैन पकड़ा गया। एवं वन में सवार तीन लोगों को भी पुलिस ने पूछताछ की जिस दौरान किसी प्रकार की लकड़ी की कागजात दिखाने में असमर्थता जताई जिन्हें गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया। उनके विरुद्ध सिमडेगा थाना कांड संख्या 165/23 414 34 आईपीसी एवं 33/42 भारतीय वन अधिनियम के तहत जेल भेजा।

## कुरडेग में बीडीओ ने ग्रामसभा के लिए दिये दिशा-निर्देश



कुरडेग। प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा एवं अबुआ आवास को लेकर बीडीओ ठाकुर गौरीशंकर शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।बैठक में सभी पंयायतों के मुखिया,पंचायतसेवक,मनरेगा कर्मी शामिल थे। 29 एवं 30 दिसम्बर को सभी पंचायतों में होने वाले ग्रामसभा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।ग्रामसभा में सभी वार्ड सदस्यों एवं ग्राम अध्यक्ष की उपस्थिति में अबुआ आवास के लिए क्राइटेरिया का पालन करते हुए सही लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया गया।बैठक में मनरेगा योजना का भी समीक्षा की गई।मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी,मनरेगा बीपीओ सह समन्वयक रोशन रंजन वर्मा,जेई प्रवीण बड़ाईक,कंचन एक्का,भोला महतो,सुरेन्द्र बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

## कुरडेग में जिला परिषद उपाध्यक्ष ने धान अधिप्राप्ति केन्द्र का किया उदघाटन



**कुरडेग।** कुरडेग में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केन्द्र का उदघाटन जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा पूर्व जिला परिषद मनोज साय मुखिया उर्मिला कुजूर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उदघाटन के मौके पर झिरका मुण्डा निवासी किसान राजनारायण प्रसाद का 80 क्विंटल एवं कदमटोली निवासी किसान विरेश प्रधान से 80 क्विन्टल धान की अधिप्राप्ति हुई। मौके पर जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि कुरडेग में धान अधिप्राप्ति केन्द्र खुलने से किसानो को काफी लाभ होगा। यहाँ किसानो से उचित दर के साथ सही वजन में धान खरीदा जाएगा ।वहीं लैम्पस सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि किसानो को पहले मोबाइल के माध्यम से मैसेज किया जाएगा जिसमें धान की मात्रा और तिथि अंकित होगी।

सिमडेगा पुलिस ने दो पीएलएफआई उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

# 23 नवंबर को कोलेबिरा बोंगराम के पास पोकलेन को लगाई गई थी आग




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा के कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बोंगराम पेट्रोल पंप के पास 23 नवंबर को पोकलेन मशीन को जलाने मामले में पुलिस ने दो पीएलएफआई उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है ।गुरुवार को जानकारी देते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ ने बताया कि कोलेबिरा मनोहरपुर सड़क निर्माण कार्य में लगे पोकलेन मशीन को 23 दिसंबर की रात में अज्ञात लोगों के द्वारा जला दिया गया था। इस मामले में पीएलएफआई संगठन के कमांडर सुरेंद्र यादव के द्वारा जिम्मेदारी ली गई थी जो पिछले 1 वर्षों से लगातार कोलेबिरा बानो सिमडेगा क्षेत्र के व्यवसायों, ठेकेदारों को कॉल कर लेवी के लिए डरा रहा था। कांड उद्वेदन एवं अज्ञात पीएलएफआई नक्सलियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा एसडीपीओ एवं अंचल निरीक्षक बानो के नेतृत्व में टीम का गठन किया था ।जिसमें दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार। उग्रवादियों में सुरेंद्र यादव उर्फ श्रवण गोप कलिगा मुरकुंडा गुमला जिला निवासी एवं देवलाल सिंह उर्फ देव कुमार सिंह डोलोंगसेरा बसिया निवासी को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से पिस्टल जिंदा राउंड 2 देसी कट्टा बोर का जिंदा राउंड 3 पीएलएफआई का पर्चा कर लेवी मांगने हेतु प्रयोग किया गया ,मोबाइल ,डायरी एवं एक मोटरसाइकिल जप्त किया है। एसपी ने बताया कि दोनों के खिलाफ गुमला एवं सिमडेगा के विभिन्न थाना में मामला दर्ज है ।वहीं इस मामले में छानबीन की जा रही है ,ताकि अगर इनमें अन्य लोग शामिल होंगे तो उनकी भी गिरफ्तारी की जाएगी। इस दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कोलेबिरा थाना प्रभारी अंशु कुमार सहित पुलिस बल मौजूद रहे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से गुरुवार को जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन प्रिंस चौक स्थित पार्टी कार्यालय में मनाया गया। जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधायक विक्सल कोंगाडी, विधायक भूषण बाड़ा, पूर्व राज्य सभा सांसद प्रदीप बलमुचु, जिप सदस्य जोसिमा खाखा सहित कई कांग्रेसी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस पार्टी के ध्वजारोहण के साथ किया गया। इसके बाद सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल का भी वितरण किया गया। साथ ही सभी मरीजों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना की गई। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हिंदुस्तान की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश की सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय इतिहास में देश को आजादी दिलाने से लेकर बैंकों का राष्ट्रीयकरण, पंचायती राज समेत अनगिनत महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को सशक्त व मजबूत बनाने का काम किया।मौके पर विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि देश में केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई में बेहताशा वृद्धि कर कमर तोड़ने का काम किया है।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लेकर हुई भाजपा की बैठक

## 18 परंपरागत कामगारों को विश्वकर्मा योजना का मिलेगा लाभ : सुशील



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

प्रधानमंत्री परिश्रम विश्वकर्म योजना के निमित्त भारतीय जनता पार्टी की गुरुवार को बैठक जिला कार्यालय में हुई।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सभी वर्गों की चिंता है प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना का लाभ लेने के लिए सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बैठक में संगठन प्रभारी शलेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी वर्गों के विकास और उत्थान के लिए विश्वकर्म योजना लाया है।पीएम विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का लाभ 18 परंपरागत कामगारों तक पहेुचाने की जानकारी दी गई, जिसके तहत निम्न क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति लाभ उठा सकते हैं। राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, बढ़ई, कुम्हार, लोहार, सुनार, हथौड़ा और टूलकिट निमार्ता, फिशिंग मछली जाल नेट निर्माता आदि शामिल हैं। बैठक को संबोधित करते हुए विश्वकर्मा योजना के जिला संयोजक सह केंद्रीय मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि इस योजना के तहत लोगों को रियायती ब्याज दर पर लोन दिया जाएगा। इसके लिए ब्याज दर 5% तय किया गया है।

ट्रैक्टर एसोसिएशन की बैठक में शामिल हुए पूर्व मंत्री, कहा-

# हेमंत सरकार के शासन में राज्य का विकास कभी नहीं हो सकता




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा ट्रैक्टर एसोसिएशन के बैनर तले अल्बर्ट का स्टेडियम में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का मौजूद रहे। जहां पर ट्रैक्टर वालों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं से अवगत हुए जहां पर ट्रैक्टर संगठन के द्वारा बताया गया कि सभी वहां लोन पर लेकर चलाए जा रहे हैं कई बार सरकार से अपील किया गया कि इस क्षेत्र के नदी घाटों को टेंडर किया जाए ताकि नियम अनुसार ट्रैक्टर मालिक बालू का चलान के माध्यम से उठाओ करें, लेकिन अब तक 4 वर्षों में नदी घाटों का टेंडर नहीं हो सका और कई जगहों पर सरकारी कार्य प्रधानमंत्री आवास कार्यों को सही समय पर पूर्ण करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी दबाव बनाते हैं। ऐसे में स्थानीय लोगों के द्वारा ट्रैक्टर मालिकों को बालू उठाव एवं बालू उपलब्ध कराने की मांग करते हैं जिसे प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा धरपड़कर उनके ऊपर मामला दर्ज करते हुए ट्रैक्टर को जप्त किया जाता है। सरकार के लापरवाही की वजह से हमें चोरी छुपे बालों का उठाव करना पड़ रहा था। समस्याओं को सुनने के बाद पूर्व मंत्री ने कहा झारखंड में जो सरकार बैठी है वह लुटेरी सरकार है पूंजीपत्तियों के सरकार है, सिर्फ और सिर्फ अपना जेब भरने को जानती है ।सरकार की नाकामी की वजह से आज इस क्षेत्र में बालू का टेंडर नहीं हो पाया है यह सरकार से अखबारों में सुर्खियां बनकर रह गई धरातल पर कोई काम नहीं हो रहा है व्यापारी किसान से लेकर सभी वर्ग इस प्रकार से ऊब चुकी है। लुटेरी सरकार के राज्य में इस क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता है ।यह सरकार इस क्षेत्र के लिए किसी प्रकार का कोई भी ध्यान नहीं देती है। और ना ही यहां के जनप्रतिनिधि ध्यान देते है।

## नववर्ष पर सैलानियों को लुभा रहा है पर्यटक स्थल दनगद्दी

# चट्टानों को चीर कर बहती जलधारा लोगों को करती है आकर्षित



**कालो खलखो**

बोलबा। नव वर्ष का आगमन हुआ है ऐसे में सभी लोग कहीं ना कहीं पिकनिक मनाने को जाते हैं और सिमडेगा हमारा प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर क्षेत्र है जहां के मनमोहक पहाड़ी हरे-भरे पेड़ पौधे लोगों को अपनी और आकर्षित करती है इन्हें में से एक है बोलबा के प्रसिद्ध पर्यटक दनगद्दी ,जो प्रकृति छटाओं से परिपूर्ण सैलानियों को नववर्ष के मौके पर लुभा रही है । यहां पर चट्टानों को चीर कर बहती हुई कल कल जलधारा लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। पर्यटक स्थल दनगद्दी शंख नदी पर स्थित प्रकृति की गोद में बसा हुआ है जो प्रकृति सौंदर्य को विखेर रही है यहाँ की कल-कल करती नदियाँ जो चट्टानों के बीच से होकर बह रही है , विशाल बालू की रेत, ऊँचे-ऊँचे टील्हे, सफेद एवं काली चट्टानें, चारो ओर ऊँचे पहाड़ एवं हरे-भरे पेड़-पौधे, पंछियों की कलरव एवं मधुर तान लोगों के मन को मोह रही है जहां पर दूर-दूर से लोग घूमने एवं पिकनिक मनाने के लिए सालों भर लोग आते हैं । वही नया साल के मौके पर हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ रहती है।

**दनगद्दी का इतिहास :** सिमडेगा जिला कालांतर में बीरु - केशलपूर राज्य था। इसके शासक बीरुगढ के राजा हुआ करते थे।मुगल बादशाह जहांगीर ने साम्राज विस्तार के क्रम में छोटानागपुर के महाराजा दुर्जनशाल को पराजित कर खलियार के किले में कैद कर लिया था।उन्हें कैद से छुड़ाने के लिए बीरु के राजा असली एवं नकली हीरा लेकर बादशाह जहांगीर के दरबार में पहुंचे जहांगीर? ने हीरो की पहचान के लिए लड़ने वाले भेड़ों के माथे पर हीरों को बंधवा दिए।असली हीरे सुरिक्षत रह गई और नकली हीरे टूट गए।जहांगीर की आत्मकथा तुजुक ए जहांगीर में इसका वर्णन किया गया है। हीरों को महाराजा दुर्जनसाल ने हांथ में लेकर पहले ही परख लिया था जहांगीर ने उसकी परख की सत्यता जांच रहे थे। दुर्जनशाल ने हीरों की परख से जहांगीर खुश होकर उन्हें कैद को छोड़ दिए। साथ में उत्तर भारत के अन्य राजा भी छुट गए। उन्हीं राजाओं ने छोटा नागपुर साम्राज के लिए नवरत्न गड़ जो अभी सिसई के पास है उसे बनवाया था।जिसके खंडहर अभी भी विद्यमान है। उसके बाद छोटा नागपुर एवं बीरुगढ के राजाओं से हीरों की मांग लगातार जारी रही। बादशाह जहांगीर ने छोटानागपुर महाराजा पर दबाव बनाया एवं महाराजा ने बीरु राजा पर दबाव बनाया। अंततः हीरों के लिए दानगद्दी जो उस समय हीरादह के रूप में जाना जाता था, वहाँ पर एक डैम बनवाया गया। डैम को देखने के लिए महाराजा भी आ रहे थे। शंख नदी का पानी रोक कर झोरा समाज के लोग दह के भीतर नीचे हीरा चुन रहे थे।

## प्रकृति की गोद में बसा कोलेबिरा डैम सैलानियों का कर रहा इंतजार



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

नव वर्ष की शुरूआत में सैलानी नए-नए पिकनिक स्थल की खोज में जुट जाते हैं ताकि नई जगह पर जाकर वहां की प्रकृति एवं सौंदर्य को देखकर अपने परिवार एवं मित्रों के साथ खुशी का आनंद उठा पाए। एक ऐसे ही जगह आपको ले चलेंगे जहां चारों ओर पहाड़ियां नदी व जंगल से घिरी हुई मनोरम दृश्य नीली आसमान की चादर ओढ़ कर नव वर्ष मनाने वालों के लिए पूरी तरह सज धज कर तैयार है कोलेबिरा डैम। कोलेबिरा डैम प्रखंड मुख्यालय से करीब 2 किलोमीटर दूर बूढ़ा महादेव मंदिर के समीप स्थित है, जो सैलानियों के लिए सज धज कर तैयार है। यह जगह पूरे प्रखंड में सबसे सुंदर एवं शांति वातावरण वाला जगह है। डैम अपने चारो ओर पहाड़, नदी और जंगल से घिरा हुआ जगह है, यहाँ पहुंचने पर ऐसा प्रतीत होता है कि मानो डैम आसमा की चादर ओढ़ कल कल करती झरना की आवाज से मन पूरी तरह मोहित हो जाता है। इस जगह पर से जाने का मन भी नहीं करता है। यहां के प्राकृतिक चट्टान से मन पूरी तरह हर्षोल्लाश बना रहा है। साथ ही इसकी खूबसूरती देखने से ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि मानो हम किसी तसवीर को देख रहे हैं यहाँ सुबह और शाम चिड़िया चह-चहा करती रहती है, कोयल की कु-कू की आवाज से पूरा जंगल मधुरमय हो जाता है।

## एक नजर

### अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों की नहीं हुई ऑनलाइन इंट्री : मुखिया

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत की मुखिया ऊषा देवी ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के अबुआ आवास योजना के तहत दिये गये आवेदनों का ब्लॉक कोऑर्डिनेटर धर्मपाल कुमार द्वारा ऑनलाइन इंट्री नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में करीब 600 आवेदन प्राप्त हुए थे। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सभी आवेदन यह कह कर साथ में लेकर चले गए थे कि ब्लॉक कार्यालय में सभी का इंट्री करने का काम करेंगे, लेकिन कई योग्य लाभुकों की इंट्री नहीं हुई है। जबकि पहले से आवास लिए लाभुकों की इंट्री कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों का नाम नहीं छूटे इसके लिए घर-घर जाकर जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि आवास योजना में कोई भी बिचौलिया, दलाल लाभुकों से पैसे की मांग करता है तो सीधे मुखिया से शिकायत करें।

### मुखिया ने किया जरूरमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के चितविश्राम पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया सनिधा सोनी ने 160 गरीब ,असहाय, दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुये सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गये कम्बल का वितरण गरीब, असहाय, दिव्यांग व जरूरतमंद लोगों के बीच किया जा रहा है उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि कंबल पाकर गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोग काफी खुश दिखे। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अनुराग सोनी, वार्ड सदस्य सलीम अंसारी, अजीज अंसारी, रईस अंसारी, गोपाल राम, रामेश्वर राम, राजा राम, कंचन कुंवर, निर्मलिया कुंवर, सहोदर देवी, फूलमती देवी, सकिला देवी, मो. अली, हसनु अंसारी आदि उपस्थित थे।

### हरिजन टोला निवासी प्रभु राम का निधन

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र हरिजन टोला में 50 वर्षीय स्व हनुमान राम के पुत्र प्रभु राम का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। इससे पूरे परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। बताते चलें कि प्रभु राम के दोनों पुत्र बाहर कमाने गए हुए हैं। वहीं गांव घर के लोगो द्वारा विशुनपुरा बांकी नदी तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### नाई समाज ने लिया गुरुवार को दुकान बंद रखने का निर्णय

**खरौंधी।** खरौंधी बाजार में गुरुवार को नाई समाज की बैठक की गई, जिसमें नाई समाज में एकजुटता तथा विकास पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष धीरज ठाकुर ने कहा कि नाई समाज की साप्ताहिक बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में नाई समाज में एकजुटता बनाये रखने पर चर्चा की गई है। साथ ही सर्वसम्मति से प्रत्येक गुरुवार को बाजार की सभी सैलून दुकानों को बंद रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष धीरज ठाकुर, उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर, कोषाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दिलीप ठाकुर, मनु ठाकुर, छुनु ठाकुर, सुनील ठाकुर आदि उपस्थित थे।

---

प्रभारी एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर किया खुलासा , बिहार निवासी आरोपी के घर से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

# प्रेमी संग मिलकर रची पति की हत्या की साजिश, आरोपी गिरफ्तार

**रोशन ने खुलासा किया है कि घटना में उनके साथ दो अन्य लोग भी शामिल थे : एसडीपीओ**

**घटना में गंभीर रुप से जख्मी युवक का इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है**


जानकारी देते डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के पथरा गांव निवासी सुनील राम की जपला-पथरा पथ के लंगरकोट गांव के समीप बाइक सवार तीन लोगों ने चाकू से गला रेतकर हत्या का प्रयास किया था। चार दिसंबर को हुई घटना का हुसैनाबाद पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पीड़ित की माता प्रेमा देवी ने हुसैनाबाद थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। घटना में गंभीर रुप से जख्मी युवक का इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है। प्रेस कांफ्रेंस कर गुरुवार को छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने हुसैनाबाद थाना में बताया कि घटना के संबंध में वादिनी प्रेमा देवी ने थाना में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन के आधार पर हुसैनाबाद थाना कांड सं. 306/23 दिनांक 05 दिसंबर 2023 धारा 341/ 324/ 326/ 307/ 34 भादवि के अन्तर्गत अज्ञात तीन मोटरसाईकिल सवारों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि कांड के अनुसंधान में तैनात गुप्तचरों और कॉल डिटेल्स/ तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बिहार के नबीनगर थाना अंतर्गत मझिआंव गांव के अभियुक्त रौशन कुमार को गिरफतार किया गया है। रोशन कुमार ने कांड में संलिप्त होने की बात स्वीकार की है। एसडीपीओ ने बताया कि रोशन ने खुलासा किया है कि घटना में उनके साथ दो अन्य लोग भी शामिल थे। इस घटना में प्रयुक्त चाकु की बरामदगी गिरफतार अभियुक्त के लंगरकोट स्थित कमरे से कर ली गयी है। गिरफतार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि पीड़ित सुनील राम की पत्नी से उसका प्रेम प्रसंग है। उसकी पत्नी विवाह से खुश नहीं थी। इसलिये अपने प्रेमी से घटना को अंजाम दिलवाया। अभियुक्त रोशन कुमार के पास से दो मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किया है। छापेमारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, अनुसंधान कर्ता एसआई शुचित राणा, एएसआई सोमप्रकाश के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### दहेज लोलुपों की शिकार सबरीन के हत्यारों पर कोई कार्रवाई नहीं

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव में ससुराल के लोगों द्वारा छह दिसंबर की रात्रि में विवाहित महिला सबरीन की गला दबाकर निर्मम हत्या के मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से मृतका के पिता व भाई दर-दर की खाक छान रहे हैं। बताते चलें कि मामले में मृतका के पिता ने हैदरनगर थाने में अपनी पुत्री की हत्या का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। थाना को दिए गए आवेदन में बिहार के रोहतास जिला अंतर्गत केरपा गांव निवासी बेलाल खान ने 23 वर्षीय पुत्री साबरीन खातून की हत्या का आरोप पलामू जिला के हैदरनगर थाना अंतर्गत बलडीहरी गांव स्थित ससुराल वालों पर लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के 20 दिन बाद भी हैदरनगर थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। सबरीन के बुजुर्ग पिता ने पलामू एसपी को पत्र लिख कर न्याय की गुहार लगायी है। मृतका के पिता ने पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर पर भी आरोप लगाया है कि साजिश के तहत उन्होंने 20 दिन बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट थाने को नहीं दिया है। इस संबंध में हैदरनगर थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद स्पष्ट होगा की सबरीन की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है।

### गंभीर मामलों के लीपापोती से संकट में पीड़ित



**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां कानून व्यवस्था लचर दिख रही है। पीड़ितों की माने तो कई मामलों में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे पीड़ितों का भरोसा पुलिस से उठता जा रहा है। वह अब मामलों को लेकर उच्च अधिकारी के पास भटकने को विवश हो रहे हैं। हैदरनगर के खरगड़ा गांव निवासी पीड़िता कंचन कुमारी ने बताया कि उन्होंने पांच दिसम्बर को मारपीट की प्राथमिक दर्ज कराई है। पीड़िता और उसके परिजन मारपीट के कारण गम्भीर रूप से घायल हैं। प्राथमिकी तो दर्ज हुई, लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इससे पीड़ित ने पलामू एसपी से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। पीड़िता ने पुलिस पर मामले की लीपापोती कर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नहीं की गई तो पूरा परिवार डीजीपी से मिलकर कार्रवाई की मांग करने को मजबूर होगा। इस संबंध में डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि मामले में अनुसंधान किया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर समुचित कार्रवाई की जायेगी।

---

# प्राक्कलन के अनुसार सड़क नहीं बनाए जाने पर जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

मेराल से अम्बाखोरिया तक बनाए जा रहे कालीकरण सड़क में डंडाई गांव के बीच प्राक्कलन के अनुरूप चौड़ाई आकार में सड़क का निर्माण नहीं होने पर 20सूत्री सदस्य सह पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष भोलाराम ने नाराजगी व्यक्त की है।

उनका कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में जितना भी सड़क का निर्माण हुआ है उसमें सभी संवेदकों के द्वारा प्राक्कलन का अनुपालन किया गया है। प्राक्कलन में निहित लंबाई व चौड़ाई का अनुपालन करते हुए ही उनके द्वारा अपने-अपने सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने का काम किया गया है। इसी तरह मेराल से अम्बाखोरिया तक जो सड़क का निर्माण हो रहा है उसमें भी प्राक्कलन को अन्य जगहों पर तरजीह दी गई है, लेकिन सिर्फ डंडई गांव में ही प्राक्कलन के अनुरूप चौड़ाई के आकार में संवेदक द्वारा सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा है।



भोला ने कहा कि सड़क किसी भी गांव या देहात की सुंदरता का प्रमुख पैमाना होता है जो आम अवाम के लिए भविष्य है। संवेदक को हर हाल में अन्य जगहों की तरह डंडई गांव में भी प्राक्कलन के अनुसार चौड़ाई के आकार में सड़क का निर्माण कराना होगा। बताते चलें कि डंडई गांव में सड़क निर्माण से पहले संवेदक द्वारा गुरुवार को नाली निर्माण को लेकर खुदाई कार्य कराया जा रहा था जो प्राक्कलन के अनुसार चौड़ाई के आकार में नहीं हो रहा था। मौके पर दिलबर कुमार, जब्बार अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

---

# 'बची खुची सरकारी शिक्षा भी समाप्त कर रही नई शिक्षा नीति'

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ने अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सचिव मंडल के सदस्य जूलियस फुचिक ने कहा कि संगठन अपने स्थापना काल से ही जनवादी, धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक शिक्षा की मांग को लेकर छात्रों को संगठित करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों में संगठन छात्रों की समस्याओं को लेकर संगठित आंदोलन कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ शिक्षा बचाने की नहीं है, बल्कि सभ्यता व इंसानियत बचाने की लड़ाई भी है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा की बदहाली अपने चरम पर है। सरकार द्वारा लगातार शिक्षा के बजट में कटौती की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति 2020 बची खुची सरकारी शिक्षा को समाप्त कर रही है। अनुमंडल पदाधिकारी को दिये मांगपत्र में सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में कक्षा का संचालन नियमित करने, पुस्तकालय में पुस्तक व लैब की उचित व्यवस्था कराने, जरूरतमंद छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति देने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने, रिक्त पदों पर शिक्षकों की बहाली करने, सेमेस्टर सिस्टम को रद्द करने तथा विद्यालय में शौचालय व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग शामिल हैं। मौके पर जिलाध्यक्ष राम बचन यादव, सचिव रौशन आरा, अर्चना कुमारी, अनुराधा कुमारी, सुनैना कुमारी, कुणाल कुमार, राहुल कुमार, कयामुद्दीन अंसारी, साक्षी कुमारी आदि उपस्थित थे।




---

घर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को बंधाया ढांढस

# मनिका विधायक ने सेवानिवृत्त अध्यापक को किया नमन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पोलपोल पंचायत के चक बरेवा निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक व लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ अधिवक्ता संतोष पांडेय के पिता छठु पांडेय के निधन पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया है। बरेवा पहुंचकर उन्होंने शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया है। विदित हो कि सोमवार की रात में हृदयगति रुक जाने से स्व. पांडेय का निधन हो गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र अधिवक्ता संतोष ने दी है। इससे पूर्व डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रथम महापौर



अरुणा शंकर, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, अविनाश देव, एलएडीसी के चीफ अमिताभ चंद सिंह, अधिवक्ता पुष्कर राज, कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, चतरा सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकन्दर, पोलपोलमुखिया पति भरदुल सिंह आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

---

एक सप्ताह में 975 लीटर अवैध शराब व 9 क्विंटल जावा महुआ जब्त

# उत्पाद विभाग चला रहा छापेमारी अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर आगामी नये वर्ष के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा

**दो विक्रेता भेजे गये जेल, अवैध शराब के कारोबारियों में मचा हड़कंप**

विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पिछले एक सप्ताह में उत्पाद विभाग द्वारा नौडीहा बाजार थानान्तर्गत- सलैया, विशुनपुर व चैनपुर थानान्तर्गत कल्याणपुर, सेमरटॉड, अकड़ाही, हरिहरगंज थानान्तर्गत लालगढ़ा गांव स्थित संगूरी पहाड़, शिकारपुर, कोडला कुलहिया गांव



में और शहर थानान्तर्गत बारालोटा, हाउसिंग कॉलोनी, हॉस्पीटल चौक में छापेमारी की गयी। इस अभियान में अब तक 975 लीटर अवैध शराब एवं करीब 9 क्विंटल जावा महुआ बरामद किया गया है। यह छापेमारी अभियान उत्पाद विभाग में प्रतिनियुक्त गृहरक्षा बल व सशस्त्र बल के सहयोग एवं सहायक अवर निरीक्षक उत्पाद अनूप प्रकाश के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस क्रम में जेएसबीसीएल द्वारा संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में विक्रेताओं द्वारा शराब में अपमिश्रण करने पर अभी तक दो विक्रेता व अभियुक्त पर फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इसके साथ दो अवैध शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

---

### नगर निगम में लगे राजा मेदिनीराय की प्रतिमा: रुचिर

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर मेदिनीनगर नगर निगम में राजा मेदिनीराय एवं शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा लगाने की मांग की है। श्री तिवारी ने कहा कि यह विदित है कि राजा मेदिनीराय के नाम पर ही शहर का नामकरण हुआ है। इसके बावजूद मेदिनीनगर नगर निगम में कहीं भी उनकी प्रतिमा नहीं स्थापित की गयी है।

## पेज एक के शेष

### आईएएस अधिकारी की...

जमीन दे दी थी। इसके बाद इस जमीन पर अस्पताल का निर्माण कराया गया था। इससे पहले अगस्त महीने में ईडी ने प्रीति कुमार के द्वारा एक करोड़ में खरीदी गई खाता संख्या 54, प्लाट 2711 की 12 कट्ठा जमीन का ब्यौरा मांगा था। ईडी को जानकारी मिली थी कि यह जमीन गलत तरीके से खरीदी गई है। साथ ही जमीन की खरीद भी बाजार मूल्य से कम दर पर की गई है। ईडी बैंक से भी बर्लिन अस्पताल के बैंक खातों की जानकारी जुटायी थीं।

**किनसे खरीदी गई जमीन :** डॉ नलिनी रंजन सिन्हा, उषा सिन्हा से जमीन की खरीद प्रीति कुमार व टीएम ठाकुर ने की थी। इसके बाद टीएम ठाकुर ने जमीन का सरेंडर रजिस्टर डीड के जरिए कर दिया। इस जमीन की खरीद 1 करोड़ में की गई, जबकि जमीन पर अस्पताल का निर्माण भी कराया गया।

### बुटी मोड़ में ...

पुलिस मौके पर पहुंची। सदर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाला और रिम्स भिजवाया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

**तेज रफ्तार में थी कार :** सदर थाना प्रभारी लक्ष्मी कांत ने बताया कि लगभग दो बजे रात्रि में स्विफ्ट डिजायर कार से राजू साह को छोड़ने के लिए ओरमांझी जा रहे थे। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप व विकास इनक्लेव के बीच कार डिवाइडर से टकरा कर बिजली के पोल से टकरा गई। जिसके कारण बिजली का पोल टूटकर कार पर गिर गया, टक्कर इतना जोरदार था कि कार के परखच्चे उड़ गए।

### विकसित भारत के लिए ...

कंपनियां ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छुट्टी-थीम वाले प्रचार और विज्ञापन अभियान बनाती हैं जैसे छूट, पुराने ग्राहकों या नए उत्पाद। प्रति दिन लगभग पांच करोड़ ऑनलाइन ऑर्डर करने वाला भारत विश्व का अग्रणी देश है पर जो व्यवसाय वस्तुओं और सेवाओं की डिलीवरी पर निर्भर हैं, वे बाधित होती हैं। शिपिंग और लॉजिस्टिक्स सहित कई परिवहन सेवाओं की सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान उपलब्धता कम हो सकती है या लागत बढ़ सकती है। वैश्विक सोच के साथ चल रही बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में नकारात्मक प्रभाव को कम करने के लिए उपाय करेंगी ही क्योंकि इससे उनका भी हित जुड़ा है। सर्वाधिक विदेशी कंपनियों से सजे बेंगलुरु ने इसकी अगुवाई भी कर दी है वहां बात बात पर बंदी नहीं होती और किसी कार्यदिवस में छुट्टी होने पर दूसरे दिन उसकी भरपाई की जाती है।

---

**पहल** कहा-अधिक तेज व अधिक धीमी गति से गाड़ी चलाना भी कानूनन अपराध

# थाना प्रभारी ने बच्चों को पढ़ाया ट्रैफिक रूल्स का पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित इंडो इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि सर्दी के मौसम में सुबह के समय धुंध छाने से दृश्यता कम हो जाती है, जिससे सड़क पर हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। इस स्थिति में बचाव का एकमात्र उपाय यातायात नियमों का पालन है। उन्होनें ट्रैफिक नियमों के बारें में बताते हुए कहा कि हमें हमेशा सड़क की बाईं ओर चलना चाहिए। सड़क क्रॉस करने से पूर्व दोनों तरफ देखना अनिवार्य है। इसके साथ ही सामने या पीछे से आ रहे वाहन की



गति व दूरी का सही अनुमान लगा लेना चाहिए। साइकिल पर चलने वाले बच्चों को कतार में चलना चाहिए। 18 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों के लिए लर्निंग लाइसेंस बनवाना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से देश में करोड़ों की लागत से वाहन चालकों की सुविधा हेतु स्पीड लिमिट साइन बोर्ड लगाए गए हैं। जिनपर अंकित स्पीड के अनुसार अपने वाहन चलाने चाहिए। अधिक तेज व अधिक धीमी गति से गाड़ी चलाना भी कानूनन अपराध है। बाइक चलाते समय हेलमेट व गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए अपने परिजनों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करने की नसीहत दी। वहीं अंतिम में थाना प्रभारी ने बच्चों से ट्रैफिक नियमों से संबंधित प्रश्न भी पूछे। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य बलवंत कुमार यादव, राजू रंजन, कमलेश यादव, कामेश्वर यादव, करन गुप्ता, संजय यादव, रबी पासवान, शिव सिंह, नेहा यादव, रामावती सिंह, ज्योती कुमारी आदि मौजूद थे।

### ऐतिहासिक पलामू किला में सेवानिवृत्त कर्मियों में अभिनंदन

**मेदिनीनगर।** सेवानिवृत्त पंचायत सचिव सह जिला चुनाव प्रशिक्षक मनु प्रसाद तिवारी एवं इस माह सेवानिवृत्त होने वाले डाली उच्च विद्यालय के शिक्षक सह जिला चुनाव प्रशिक्षक अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा को उनकी शानदार सेवा के लिए शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर ऐतिहासिक पलामू किला में सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मानित करने के लिए रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी,पोखराहा कला उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरेन्द्र पाठक व बढ़की नेभी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार सिंह मौजूद थे। परशुराम तिवारी ने बताया कि दोनों सख्शियतों को सम्मानित करने की योजना गुप्त रखी गई थी। इन्हें एकाएक सम्मानित करने से माहौल रोमांचक व खुशनुमा बन गया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर : बारामूला में लश्कर का 'आतंकी सहयोगी' गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले से आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक 'आंतकी सहयोगी' को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पास से हथियार और गोला-बारुद जब्त किए गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि क्रीरी इलाके में आतंकवादी गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने श्राकवारा क्रीरी में एक जांच चौकी स्थापित की।

### देश में कोरोना के 702 नए मामले आए सामने, 6 मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं।




पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 702 नए मामले सामने आए हैं और इससे 6 मरीजों की मौत हो गई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा समय में देश में 4150 एक्टिव मामले हैं। कोरोना से 692 मरीज स्वस्थ हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दिल्ली में कोरोना के 9 नए मामले सामने आए हैं और एक की मौत हुई है। केरल में 358 नए मामले सामने आए हैं और एक की मौत हुई है। गोवा में 16 नए मामले सामने आए हैं।

### अल-कायदा के दो कट्टरपंथी सदस्यों को सात साल की सजा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) बेंगलुरु की विशेष अदालत ने बुधवार को अल-कायदा के दो कट्टरपंथी सदस्यों को दोषी ठहराते हुए 7 साल कैद की सजा सुनाई है। मामले में एनआईए अदालत ने असम के अख्तर हुसैन लस्कर उर्फ मोहम्मद हुसैन और पश्चिम बंगाल के अब्दुल अलीम मंडल उर्फ मोहम्मद जुबा पर क्रमशः 41,000 रुपये और 51,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इन पर भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा की गतिविधियों में शामिल होने का आरोप था। एनआईए की जांच से यह भी पता चला है कि इन्होंने भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा की साजिश के तहत खुरासान में प्रशिक्षण लेने के बाद भारत में एक विशेष समुदाय के सदस्यों के खिलाफ जिहाद करने की योजना बनाई थी।

### कुरैशी की 30 दिन की रिमांड के अनुरोध वाली याचिका पर सुरक्षित रखा फैसला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व पीएम इमरान खान के करीबी सहयोगी एवं पीटीआई के



उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी की 30 दिन की रिमांड के अनुरोध संबंधी पुलिस की याचिका पर गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया। मीडिया की एक खबर में यह जानकारी दी गई है। पुलिस ने नौ मई को सैन्य मुख्यालय पर हुए हमले के सिलसिले में जेल में बंद कुरैशी को 30 दिन के लिए हिरासत में दिये जाने का अनुरोध किया है। पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी (67) को बुधवार को अदियाला जेल से रिहाई के बाद फिर से गिरफ्तार कर लिया गया था और इस दौरान पुलिस ने उनके साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया। कुरैशी व उनकी पार्टी ने इस कदम को अवैध करार दिया है। कथित भ्रष्टाचार के मामले में पीटीआई प्रमुख की गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद इमरान के समर्थकों ने नौ मई को सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानों पर हमले किए थे।

# 4115.56 करोड़ की लागत से बन रहा भव्य अयोध्या धाम










**एजेंसी। अयोध्या**

अयोध्या धाम को वैश्विक पटल स्थापित करने की लगातार तैयारी चल रही है। इसी क्रम में अयोध्या के नव्य-भव्य स्वरूप को मूर्त रूप देने के लिए 4115.56 करोड़ रुपये की कुल लागत से 50 मेगा प्रोजेक्ट्स को पूर्ण कर लिया गया है। जिससे भव्य और दिव्य अयोध्या दिखने लगी है। पीएम मोदी के 30 दिसंबर को प्रस्तावित दौरे में इन्हीं परियोजनाओं से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण किया जाएगा। हालांकि, कई मेगा प्रोजेक्ट्स तीन फेज में निमार्णाधीन हैं जिसमें से फेज-1 का कार्य पूरा कर लिया गया है, जबकि फेज-2 व फेज-3 का कार्य नए वर्ष में जोर पकड़ेगा।

- नयाघाट स्थित लता मंगेशकर चौक बन कर तैयार
- अयोध्या धाम स्टेशन के फेज-1 की विकास प्रक्रिया समेत कुल 50 मेगा प्रोजेक्ट्स बनकर तैयार
- 1462.97 करोड़ की लागत से बने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा व 241 करोड़ रुपये से अयोध्या धाम स्टेशन फेज-1 का लोकार्पण पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में करेंगे।
- सआदतगंज से नयाघाट तक स्पाइन रोड का 844.93 करोड़ रुपए की लागत से राम पथ का निर्माण।
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण कार्य को 245.64 करोड़।
- शिरोपरि लाइनों को भूमिगत किए जाने के लिए 167 करोड़
- पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर रेल ओवर ब्रिज के लिए 74.24 करोड़
- राम की पैड़ी पर 24.81 करोड़ रुपये की लागत से पंप हाउस का रीकंस्ट्रक्शन
- 37.08 करोड़ रुपये की लागत से लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन पार्किंग
- 14.87 करोड़ रुपये की लागत से सूर्य कुंड में जन सुविधाओं का विकास कार्य

**कई अन्य परियोजनाएं पूरी**

स्वर्णखनी कुंड में पर्यटन विकास, म्यूरल आर्ट पेंटिंग कार्य, हनुमान कुंड में पर्यटन विकास, गणेशकुंड पर पर्यटन विकास, यात्री निवास के उच्चीकरण, राम कथा पार्क का विस्तारीकरण, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन, जानकी मंदिर आदि स्थानों पर फसाड लाइट लगाने व मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत करोड़ों खर्च कर विभिन्न परियोजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है।




# 'तापस यूएवी' कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद किया गया

### डीआरडीओ को मिली रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास के लिए हरी झंडी

### यूएवी की 30 हजार फीट ऊंचाई पर 24 घंटे उड़ान क्षमता पूरा करने को कहा गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (डीआरडीओ) में विकसित किये जा रहे स्वदेशी तापस यूएवी कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद करने का फैसला लिया है। साथ ही भारत सरकार ने इस फंड से एक उत्पादन एजेंसी के सहयोग से रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास के लिए हरी झंडी दे दी है। डीआरडीओ को तापस यूएवी की 30 हजार फीट ऊंचाई पर लगातार 24 घंटे की उड़ान क्षमता पूरा करने के लिए कहा गया है। इन दोनों लक्ष्यों को हासिल करने के बाद तापस यूएवी कार्यक्रम को मंजूरी देने की शर्त लगाई गई है। तापस का पूरा नाम टेक्टिकल एयरबॉर्न प्लेटफॉर्म फॉर एरियल सर्विलांस बियॉन्ड होराइजन है। यह भारत का पहला मीडियम एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस यूएवी है, जो अमेरिका के एमक्यू-1 प्रीडेटर ड्रोन जैसा ही है। तापस अपने आप ही टेक ऑफ और लैंड करने की क्षमता रखने वाला ड्रोन है। इसे पहले रुस्तम-2 के नाम से पुकारा जाता था, जिसकी अधिकतम रफ्तार 224 किलोमीटर प्रति घंटा थी। 20.6 मीटर के विंगस्पैन वाला यह ड्रोन फिलहाल लगातार 1000 किलोमीटर तक उड़ान भर सकता है। यह 28 हजार फीट की ऊंचाई पर 18 घंटे से ज्यादा की उड़ान भर सकता है। डीआरडीओ के तापस मीडियम-एल्टीट्यूड लॉन्ग-एंड्योरेंस मानव रहित हवाई वाहन को एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (एडीए) ने विकसित किया है।

हालांकि डीआरडीओ की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं की गई है लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार रुस्तम-2 यानी तापस कार्यक्रम को मिशन मोड में बंद कर दिया गया है। सरकार ने इसके लिए डीआरडीओ को दिए गए अलग फंड से एक उत्पादन एजेंसी के सहयोग से रुस्तम मेल यूएवी परियोजना के विकास के लिए हरी झंडी दे दी है। साथ ही एडीई को सेना, वायु सेना और नौसेना की जरूरत को देखते हुए तापस यूएवी की 30 हजार फीट ऊंचाई पर लगातार 24 घंटे की उड़ान क्षमता पूरा करने के लिए कहा गया है। इन दोनों लक्ष्यों को हासिल करने के बाद तापस यूएवी कार्यक्रम को मंजूरी देने की शर्त लगाई गई है।

**परीक्षण के दौरान दो बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है तापस**



डीआरडीओ का तापस यूएवी उड़ान परीक्षण के दौरान दो बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। पहली दुर्घटना सितंबर, 2019 में हुई थी। दूसरी बार इसी साल 20 अगस्त को चित्रदुर्ग परीक्षण रेंज में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। जब यह यूएवी दुर्घटनाग्रस्त हुआ, उस समय मैदान पर कोई नहीं था। डीआरडीओ के अधिकारियों ने इस घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। चित्रदुर्ग में दुर्घटनाग्रस्त हुआ तापस ड्रोन जल्द ही शुरू होने वाले उपयोगकर्ता परीक्षणों से पहले परीक्षण उड़ान में 5 प्रोटोटाइप में से एक है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 76 यूएवी बनाने थे, जिसमें सेना को 60, वायु सेना को 12 और नौसेना को 4 यूएवी के जरिये दिन-रात के हवाई निगरानी मिशन को अंजाम देना था। इस मानव रहित विमान की परिकल्पना 2016 में की गई थी।

# लोस चुनावों के लिए बीजेपी उम्मीदवारों के नाम का फैसला जनता के हाथ

**उदय चंद्र सिंह। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के लिए अब आप बीजेपी उम्मीदवार के नाम तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। जी हां, बाजेपी नेतृत्व ने अपने सांसदों का फीड बैक लेने के लिए सीधे जनता से संपर्क साधने का फैसला किया है। यानी 2024 के चुनाव में आपके सांसद को तभी टिकट मिलेगा जब वो आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। इसके लिए पार्टी ने अनोखा तरीका अपनाया है।

बीजेपी अपने सांसदों के कामकाज की समीक्षा के लिए नमो ऐप का इस्तेमाल करेगी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा इस संबंध में बीते दिनों सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी शेयर कर चुके हैं। सर्वे में किसी क्षेत्र विशेष की जनता अपने सांसद के बारे में क्या सोचती है, अपने सांसद के काम और उनकी उपस्थिति से जनता कितनी खुश है या कितनी नाराज, लोगों से इसकी राय मांगी गई है।

नमो ऐप के जरिए ये जानने का प्रयास किया जा रहा है कि बीजेपी के किस सांसद के साथ उसके क्षेत्र की जनता कितनी मजबूती के साथ खड़ी है। कुल मिलाकर अगर आप अपने सांसद के कामकाज से खुश नहीं हैं, तो आप उनका टिकट कटवाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं और अपने किसी चहेते उम्मीदवार का नाम सांसद उम्मीदवार के रुप में आगे बढ़ा सकते हैं।

**नमो ऐप पर पूछे गये कुल 15 प्रश्न**

नमो ऐप पर इस बारे में कुल 15 प्रश्न पूछे गये हैं। नमो ऐप से क्षेत्रों में सर्वे कराया जा रहा है। जनता अपने अपने मन की बात शेयर कर सकेगी। बीजेपी नपो ऐप पर किये गये सर्वे को जनता के बीच साझा करेगी ताकि यह साफ हो सके कि बीजेपी के किस सांसद के साथ उसके क्षेत्र की जनता कितनी मजबूती के साथ खड़ी है। इस मामले में दिलचस्प तथ्य यह है कि नमो ऐप के माध्यम से आम मतदाताओं से ये भी पूछा गया है कि उनके पास मौजूदा सांसदों के अलावा कौन सा विकल्प हैं। यानि आप अपनी पसंद के उमेदवार का नाम बी सुझा सकते हैं। सर्वे में ये भी पूछा गया है कि अपने सांसद को अपने क्षेत्र में अंतिम दफा कब देखा और जनता के मन में कोई नया उम्मीदवार है तो वे नाम शेयर करें।

### कतर में मौत की सजा पाए 8 भारतीयों को राहत, कम हुई सजा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को कहा कि भारत ने दहरा ग्लोबल मामले के फैसले पर गौर किया है, जिसमें मौत की सजा पाए आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों की सजा कम कर दी गई है। मंत्रालय ने कहा, हमने दहरा ग्लोबल मामले में कतर की अपील अदालत के आज के फैसले पर गौर किया है, जिसमें सजा कम कर दी गई है। विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा है. अधिकारी ने कहा, हम अगले कदम पर निर्णय लेने के लिए कानूनी टीम के साथ-साथ परिवार के सदस्यों के साथ भी संपर्क में हैं। मंत्रालय ने कहा, कतर में हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी परिवार के सदस्यों के साथ आज अपील अदालत में उपस्थित थे। हम मामले की शुरूआत से ही उनके साथ खड़े हैं और हम सभी कांसुलर और कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे।



**समझौता** | भारत और रूस की दोस्ती पक्की, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा

# अब हथियार निर्माण में भी होगी साझेदारी

**एजेंसी। मॉस्को**

मॉस्को पहुंचे भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि रूस एक मूल्यवान साझेदार है, समय की कसौटी पर परखा हुआ साझेदार है। इधर, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का न्योता दिया है। जयशंकर ने रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की। पुतिन ने जयशंकर से कहा, हमें अपने मित्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी। पांच दिवसीय रुस की आधिकारिक यात्रा पर यहां आए जयशंकर ने इससे पहले अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। लावरोव के साथ अपनी बातचीत के बाद संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन अगले साल वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलेंगे। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दी और एक निजी संदेश सौंपा। राष्ट्रपति पुतिन को उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ मेरी चचाओं से अवगत कराया। दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने पर उनके मार्गदर्शन की सराहना की।लावरोव के साथ सार्थक बैठक की और इस दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्थिति और समसामयिक मुद्दों पर बात की। रूस की पांच दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने लावरोव के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र, यूक्रेन संघर्ष, गाजा की स्थिति, अफगानिस्तान और मध्य एशिया, ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, जी20 और संयुक्त राष्ट्र पर भी विचार-विमर्श किया।



उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग, ऊर्जा व्यापार, कनेक्टिविटी प्रयासों, सैन्य-तकनीकी सहयोग और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क में हुई प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 2024-28 की अवधि के लिए परामर्श प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए। भारत-रूस संबंध भू-राजनीतिक वास्तविकताओं, रणनीतिक भागीदारी और पारस्परिक लाभ को दशार्ते हैं।रूस, भारत और ईरान ने 2000 में उत्तर-दक्षिण मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के निर्माण पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें भागीदारों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। परियोजना का लक्ष्य भारत, ईरान और फारस की खाड़ी के देशों से रूसी क्षेत्र के माध्यम से पारगमन माल ढुलाई को यूरोप तक लाना है।लावरोव ने कहा, हमने सैन्य और तकनीकी सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इनमें आधुनिक हथियारों का साझा उत्पादन शामिल था...। जयशंकर ने कहा, हमने साझा निवेश, द्विपक्षीय निवेश संधि पर आगे बढ़ने की जरूरत पर भी बात की। हमने कल रेलवे, इंडस्ट्रियल जोन इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी बात की। हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जनवरी के मध्य के बाद शुरू हो जाएगी। लावरोव ने बुधवार को कहा कि मॉस्को मेक इन इंडिया के तहत आधुनिक हथियारों के उत्पादन के लिए तैयार है।

फिल्म जगत

### एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना ने 48 की उम्र में यूनिवर्सिटी में पढ़ने का किया फैसला

**मुंबई।** एक्ट्रेस से राइटर बनीं ट्विंकल खन्ना ने कुछ वक्त पहले अपनी जिंदगी की नई शुरूआत की थी। उन्होंने 48 की उम्र में यूनिवर्सिटी जाकर पढ़ने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के गोल्डस्मिथ्स कॉलेज में दाखिला लेकर फिक्शन राइटिंग की पढ़ाई की। ट्विंकल खन्ना ने बताया कि जब वो यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए कोशिश कर रही थीं तब उनके बेटे आरव भी विदेश में एडमिशन की कोशिश में थे। उन्होंने ये भी बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्होंने अलग-अलग उम्र के लोगों से दोस्ती की। यूनिवर्सिटी जाने की इच्छा के बारे में बात करते हुए ट्विंकल खन्ना ने कहा, जब मेरा बेटा छोटा था, मैं उसे स्कूल काउंसलर के पास लेकर जाती थी और कहती रहती थी, मुझे भी यूनिवर्सिटी जाना है। और उस काउंसलर ने मुझे कहा था कि अभी मुझे अपने बच्चे का ख्याल रखना होगा। मैं उसके बड़े होने के बाद पढ़ाई के लिए जा सकती हूं।

